सोना-68,280
चांदी- 77,200
तिथि-फाल्गुन, शुक्ल, त्रयोदशी
शेयर मार्केट- 72,996
निफ्टी- 22,123
अधिकतम -36 °c
न्यूनतम -22 °c

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com वर्ष - 20 अंक-125 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 लखनऊ, गुरुवार 28 मार्च, 2024 पृष्ठ-8 मूल्य : दो रुपये

तीन हजार करोड़ की सम्पत्तियां गरीबों को लौटाएगी मोदी सरकार

चर्चित राजनीति। एजेंसी

कोलकाता। केंद्र सरकार अब बंगाल में ईडी द्वारा भ्रष्टाचारियों से जब्त की गई करीब 3,000 करोड़ रुपये की अवैध संपत्तियों और राशियों को गरीबों को लौटाने की तैयारी कर रही है।

खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बंगाल के नदिया जिले की कृष्णानगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी कृष्णानगर राजघराने की राजमाता अमृता राय से टेलीफोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। पीएम ने इस संबंध में कानूनी रास्ते खोजने की भी बात कही है। राजमाता के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने महुआ मोइत्रा को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में ईडी ने गरीबों से लूटी गई करीब 3,000 करोड़ की संपत्तियां अटैच (जब्त) की है, जिसे उन्हीं गरीबों को वापस लौटाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके लिए कानूनी परामर्श लिए जा रहे हैं। पीएम ने कहा कि वह उन कानूनी विकल्पों पर काम कर रहे हैं, जो ये सुनिश्चित कर सके कि बंगाल में शिक्षकों, क्लर्क की नौकरी आदि के लिए रिश्वत के तौर पर जिन गरीबों का पैसा लूटा गया है, वो उन भ्रष्टाचारियों की जब्त संपत्तियों के जरिए उन तक वापस पहुंच जाए। प्रधानमंत्री ने भरोसा दिया कि चुनाव के बाद नई सरकार बनते ही इसे वापस लौटाने के लिए जो भी नियम या कानून बनाना

मोदी ने बंगाल के नदिया जिले की कृष्णानगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी कृष्णानगर राजघराने की राजमाता अमृता राय से की बात

होगा, वह सब किया जाएगा। पीएम ने भाजपा प्रत्याशी से यह बात सभी लोगों को बताने को भी कहा। पीएम ने राजमाता अमृता राय से लगभग आठ मिनट की बातचीत में उनके चुनाव प्रचार की तैयारियों समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पीएम ने भरोसा जताया कि बंगाल में इस बार परिवर्तन के लिए मतदान होगा। एक दिन पहले पीएम ने बशीरहाट सीट से उम्मीदवार बनाई गईं संदेशखाली कांड की पीड़िता रेखा पात्र से भी बात की थी।

अमृता राय ने प्रत्याशी बनाए जाने के लिए पीएम का आभार जताया। मोदी ने राजमाता से कहा कि आप महाराजा कृष्णरायचंद जी की विरासत को आगे ले जा रही हैं। इसपर अमृता ने कहा कि मैं एक बात साझा करना चाहती हूं। अमृता राय ने कहा कि हम महाराजा कृष्णरायचंद जी के परिवार से हैं। लेकिन, इसका ये लोग (तृणमूल वाले) विरोध कर रहे हैं। बोलते हैं कि ये (महाराजा) ब्रिटिश के साथ थे। हम लोगों को गद्दार समझते हैं। हमने लोगों की भलाई के लिए जमीन दान में दी और अन्य काम किए, वो नहीं बोल रहे हैं। हमारा कहना है कि महाराजा इतना नहीं करते तो हमारा सनातन धर्म खत्म हो जाता। आज हमारी भाषा दूसरी होती। हमारी वेशभूषा अलग होती। इस पर मोदी ने कहा कि बचपन में जब हम लोगों को पढ़ाया जाता था, तब कृष्णरायचंद जी के विकास का काम, समाज सुधार का काम, बंगाल के विकास का काम, यहां का माडल ये सब सुनने को मिलता था। पीएम ने कहा कि ये (तृणमूल व अन्य विपक्षी दल) वोट बैंक की राजनीति करने वाले लोग हैं। अनाप-शनाप आरोप लगाएंगे। बदनाम करने का प्रयास करेंगे। ये लोग अपने वर्तमान पाप छिपाने के लिए ऐसी चीजें ढूंढते रहते (शेष पृष्ठ 7 पर)

किसी के लिए फेमिली फर्स्ट, मोदी के लिए नेशन : मुख्यमंत्री योगी

योगी ने मथुरा से शुरू किया लोकसभा चुनाव प्रचार, प्रबुद्धजन सम्मेलन को किया सम्बोधित

चर्चित राजनीति। ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनावी समर में दो पक्ष स्पष्ट नजर आ रहे हैं। एक के लिए फैमिली फर्स्ट है तो मोदी के नेतृत्व वाले पक्ष के लिए नेशन फर्स्ट है। एक पक्ष अपने कृत्यों से माफिया राज को प्रश्रय देता है तो मोदी का पक्ष कानून के राज को प्रभावी ढंग से लागू करता है। एक पक्ष भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है तो मोदी का पक्ष जीरो टालरेंस का पक्षधर है।

एक पक्ष तुष्टिकरण, जाति-मत-मजहब के आधार पर समाज को बांटना चाहता है, दूसरे पक्ष में मोदी के नाम पर सबका साथ, सबका विकास के माध्यम से गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव जरूरतमंदों को देने का भाव दिखाई देता है। एक तरफफैमिली फर्स्ट की बात करने वाले लोग हैं तो दूसरी तरफ140 करोड़ लोगों को परिवार मानने वाले मोदी हैं। हमें मोदी के परिवार का हिस्सा बनकर नए भारत का दर्शन करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार से लोकसभा चुनाव प्रचार

- **भाजपा ने मथुरा से हेमामालिनी को बनाया है उम्मीदवार**

की कमान संभाल ली। मथुरा में पहली जनसभा कर प्रबुद्धजनों से संवाद बनाते हुए सांसद व भाजपा उम्मीदवार हेमामालिनी के पक्ष में वोट देने की अपील की। मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं को गिनाकर मोदी का मतलब बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी ने श्होली खेले रघुबीराश् भजन सुना है, लेकिन 500 वर्ष में पहली बार अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अपने धाम में विराजमान होकर होली के साक्षात दर्शन कराए।

मथुरा-वृंदावन की गलियां इंतजार कर रही थीं। दुनिया के अंदर मथुरा-वृंदावन, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, नंदगांव, बलदेव में खेली गई होली की चर्चा है। श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बनती है।सीएम ने कहा कि इस धरती का प्रताप व ताकत है कि 2021 में यमुना मैया के तट पर यहां वैष्णव महाकुंभ का आयोजन हुआ था। वृंदावन बिहारी लाल की असीम कृपा

इतिहास में दर्ज नहीं होता इतिहास रचता है मेरठ

डॉक्टर, प्रोफेशनल, सीए, टीचर व उद्यमियों के बीच पहुंचे योगी

लखनऊ/मेरठ, चर्चित ब्यूरो। तीन दशक पहले जिस तरह अरुण गोविल ने रामायण में मजबूती के साथ श्रीराम के जीवन को जीवंत किया था, आज वो मेरठ की पहचान बनने जा रहे हैं। अरुण गोविल अब मेरठ में इतिहास रचेंगे, क्योंकि मेरठ इतिहास में दर्ज नहीं होता, बल्कि ये हमेशा इतिहास रचता है। ये बातें बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने शहर के डॉक्टर, प्रोफेशनल्स, सीए, टीचर्स और उद्यमियों के बीच (शेष पृष्ठ 7 पर)

हम पर थी, वैष्णव कुंभ जब तक था तब तक कोरोना का पता नहीं, कुंभ के विसर्जन के उपरांत कोरोना आ गया। यहां का जज्बा नई ताकत व नई ऊर्जा प्रदान करने वाला था। उसी ताकत के बल पर उप्र जैसे बड़े राज्य की आबादी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कोरोना से बचाव करने में हम सफलता प्राप्त कर सके।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 10 वर्ष में आपने बदलते हुए नए भारत को देखा है। सीमा सुरक्षित हुई तो इंफ्रास्ट्रक्चर के बड़े-बड़े कार्य भी हुए। हाइवे, रेलवे, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय (शेष पृष्ठ 7 पर)

संक्षिप्त समाचार

आम चुनाव : दूसरे चरण के लिए नामांकन आज से

नयी दिल्ली, एजेंसी। आम चुनाव 2024 के दूसरे चरण के लिए नामांकन कल यानी कि 28 मार्च से शुरू होंगे। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को जानकारी देते हुए कहा कि आम चुनाव-2024 के दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। बाहरी मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव की अधिसूचना चरण 1 के लिए जारी राजपत्र अधिसूचना में शामिल की गई थी। इस निर्वाचन क्षेत्र के पंद्रह विधानसभा क्षेत्रों (एसी) में चरण 1 में और 13 विधानसभा क्षेत्रों में चरण 2 में मतदान होगा। दूसरे चरण में शामिल राज्य और केंद्र शासित प्रदेश असम, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के अलावा मणिपुर (बाहरी मणिपुर) की एक सीट शामिल है।

ईसी ने दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत को जारी किया नोटिस

नयी दिल्ली, एजेंसी। निर्वाचन आयोग ने महिलाओं पर अशोभनीय टिप्पणी के लिए भाजपा नेता दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को कारण बताओ नोटिस जारी किया। निर्वाचन आयोग ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ दिलीप घोष की टिप्पणी और कंगना रनौत के खिलाफ सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणी को 'अशोभनीय और गलत बताया है।

इससे पहले भाजपा नेता दिलीप घोष ने ममता बनर्जी को लेकर दिए गए अपने बयान पर खेद प्रकट किया है। घोष के मुख्यमंत्री के संबंध में दिए बयान से विवाद खड़ा हो गया था और भाजपा ने उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। घोष को एक कथित वीडियो क्लिप में बनर्जी की पारिवारिक पृष्ठभूमि का मजाक उड़ाते हुए सुना गया था। तृणमूल कांग्रेस ने घोष की टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने आरोप लगाया कि घोष के बयान से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है।

आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करें

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर अमेरिकी विदेश विभाग की हालिया टिप्पणी पर बुधवार को एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को तलब किया। खबरों के मुताबिक, दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उपप्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को तलब किया। मुलाकात करीब 40 मिनट तक चली।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने समन के बाद जारी एक बयान में कहा, श्भारत में कुछ कानूनी कार्यवाहियों के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर हम कड़ी आपत्ति जताते हैं। इसके अलावा, मंत्रालय ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और उम्मीद जताई कि अन्य साथी लोकतंत्रों को अन्य देशों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने कहा, कूटनीति में, राज्यों से दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। साथी लोकतंत्रों के मामले में यह जिम्मेदारी और भी अधिक है। अन्यथा यह अस्वस्थ मिसाल कायम कर सकता है। इसमें कहा गया है, भारत की कानूनी प्रक्रियाएं एक

स्वतंत्र न्यायपालिका पर आधारित हैं जो उद्देश्यपूर्ण और समय पर परिणाम के लिए प्रतिबद्ध है। उस पर आरोप लगाना अनुचित है।

यह समन विदेश विभाग के प्रवक्ता के उस बयान के दो दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका भारतीय विपक्षी नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की रिपोर्टों पर बारीकी से नजर रख रहा है और एक निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है।

अमेरिकी अधिकारी ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स के एक सवाल के जवाब में कहा था, हम मुख्यमंत्री केजरीवाल के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और समय पर कानूनी प्रक्रिया को प्रोत्साहित करते हैं। गौरतलब है कि

- **केजरीवाल टिप्पणी मामले में भारत ने अमेरिकी राजनयिक को तलब किया**

केजरीवाल को वित्तीय अपराध से लड़ने वाली एक एजेंसी ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया था। पिछले हफ्ते की शुरुआत में, नयी दिल्ली ने दिल्ली के सीएम की गिरफ्तारी के बारे में उनकी सरकार की टिप्पणियों के विरोध में एक जर्मन दूत को तलब किया था।

जर्मनी के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता सेबेस्टियन फिशर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम मानते हैं और उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा। बाद में नयी दिल्ली ने जर्मन दूतावास के मिशन के उप प्रमुख, जॉर्ज एनजवीलर को बुलाया और टिप्पणियों पर भारत के मजबूत विरोध से अवगत कराया।

गौरतलब है कि भारत इस बात पर जोर देता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी पूरी तरह से भारत का आंतरिक मामला है और इसलिए, ष्किसी भी विदेशी देश को नयी दिल्ली को क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। इस पर उपदेश नहीं देना चाहिए।

पीएम मोदी ने जितना काम किया है, उनका कोई मुकाबला नहीं कर सकता : अरुण गोविल

मेरठ, एजेंसी। दूरदर्शन पर प्रसारित हुए लोकप्रिय धारावाहिक रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले और मेरठ से भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल ने इस शहर के साथ अपने भावनात्मक संबंधों को जाहिर करते हुए बुधवार को कहा कि उनका जन्म मेरठ में हुआ था। उनके जीवन के शुरुआती 17 साल इसी शहर में बीते। गोविल ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मैं यहीं (मेरठ में) पैदा हुआ था। मैंने अपना बचपन यहीं बिताया। मेरे जीवन के पहले 17 साल इसी शहर में बीते। मैंने मेरठ में पढ़ाई की। मैं सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का छात्र था। उसके बाद मैंने सरकारी इंटर कॉलेज में दाखिला लिया। इस सवाल पर कि अगर वह मेरठ से लोकसभा चुनाव जीत गए तो क्या यहां की जनता को उनके फिर से दर्शन होंगे, गोविल ने कहा कि यह तो समय ही बताएगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा, मैंने अपने जीवन में कभी ऐसा कुछ नहीं किया, जिसके लिए कोई मुझे दोषी ठहरा सके। आज तक मैंने जो भी किया, जो भी करता रहा, वह सेवा का ही एक रूप था। अब यह लोगों की सेवा का ही एक और रूप होगा। वहीं, राम मंदिर से जुड़े एक सवाल के जवाब में गोविल (शेष पृष्ठ 7 पर)

खालिस्तानियों ने 'आप' को दिए 133 करोड़

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नई दिल्ली। खालिस्तानी आतंकवादी और आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने आरोप लगाया कि खालिस्तानी समूहों ने 2014 और 2022 के बीच चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी को 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 133.54 करोड़ रुपये) दिए। उसने आगे दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वित्तीय सहायता के बदले में दोषी आतंकवादी देविंदर पाल सिंह भुल्लर को रिहा करने के लिए 2014 में एक चौंकाने वाला प्रस्ताव रखा। भुल्लर 1993 के दिल्ली बम विस्फोट में शामिल था जिसमें नौ लोग मारे गए थे और 31 अन्य घायल हो गए थे।

पन्नू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगी जो खुद को ईमानदार भारतीय हिंदू कहते हैं, वे बेइमान भारतीय हिंदुओं से भी ज्यादा खतरनाक निकले। जब केजरीवाल 2014 में सत्ता में नहीं थे, तब वह अमेरिका आए और खालिस्तान समर्थक समूहों से वादा किया कि वह सरकार बनने के पांच घंटे के भीतर प्रोफेसर देविंदर पाल सिंह भुल्लर को रिहा कर देंगे। हमने उनसे कहा कि उस समय उस पर भरोसा न करें। उन्हें सत्ता में आए नौ

- **आतंकी भुल्लर को रिहा कराने का किया वादा**
- **अरविंद केजरीवाल को लेकर गुरपतवंत सिंह पन्नू का बड़ा दावा**

साल हो गए हैं। 2014 में केजरीवाल ने तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को पत्र लिखकर भुल्लर के लिए क्षमादान की मांग की थी। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री और आप नेता भगवंत मान पर पंजाब में खालिस्तान के पक्ष में बोलने वालों पर अत्याचार करने का आरोप लगाया। पन्नू ने आरोप लगाया कि 2014 के बाद से खालिस्तानी समर्थक संगठनों ने सरकार बनाने के लिए आप को 14 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फंडिंग की है। वीडियो संदेश में पन्नू एक बड़ी टीवी स्क्रीन के सामने खड़ा दिखाई दे रहा है, जिस पर केजरीवाल और मान की समाचार तस्वीरें और वीडियो चल रहे हैं। वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी है। पन्नू ने केजरीवाल को धमकी भी दी है, जिसमें कहा गया है कि तिहाड़ जेल में बंद खालिस्तानी आम आदमी पार्टी (आप) नेता को सिखों को धोखा देने के लिए जवाबदेह ठहराएंगे। पन्नू ने कहा कि अब उसे गिरफ्तार कर लिया गया है, और जेल जाएगा, याद रखें आपका सामना खालिस्तानियों से होगा और वे आपको जवाबदेह ठहराएंगे कि भुल्लर को रिहा क्यों नहीं किया गया, खालिस्तान जनमत संग्रह के लिए काम करने वाले सिखों को झूठा क्यों फंसाया गया, अमृतपाल सिंह और क्यों उनके सहयोगियों को एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम) के तहत गिरफ्तार किया गया और डिब्रूगढ़ (जेल) भेज दिया गया, जेलों में हर चीज का हिसाब लिया जाएगा, जिसमें वह 16 मिलियन डॉलर भी शामिल है जो आप ने खालिस्तानी समर्थकों से लिए थे।

सभी बड़ी पार्टियों ने भुनाए चुनावी बांड

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि सभी बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी बांड भुनाए हैं। इस मुद्दे पर किसी को कुछ कहने का नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि यह कानूनी था। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को देखते हुए और बहस करने की जरूरत है, ताकि चुनावी फंडिंग को लेकर कोई बेहतर व्यवस्था बनाई जा सके। एक मीडिया समिट के दौरान एक प्रश्न का उत्तर देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, इस कानून को संसद ने पारित किया था। चुनावी बांड उस समय के कानून के अनुसार खरीदे गए थे।

सीतारमण ने साफ किया कि वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनसे लोकसभा चुनाव लड़ने के बारे में पूछा

था। आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु की सीट से उन्हें चुनाव लड़ने की पेशकश की गई थी। लेकिन 8-10 दिनों तक इस बारे में सोचने के बाद उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। वित्तमंत्री ने कहा, चुनाव में जिस तरीके से पैसे खर्च किए जाते हैं, उस हिसाब से मेरे पास पैसा नहीं है। मुझे इस बात को लेकर भी दिक्कत है कि चुनाव में समुदाय व धर्म जैसी चीजों को जीत तय करने का आधार बनाया जाता है। इसलिए मैंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया और मेरे लिए यह खुशी की बात है कि पार्टी अध्यक्ष भी मेरे विचार से सहमत हो गए।सीतारमण ने कहा कि राज्यों को पुरानी पेंशन स्कीम के नाम पर मतदाताओं को ललचाने का काम नहीं करना चाहिए। उनका इशारा उन राज्यों की तरफ था, जिन्होंने वोट पाने के लिए पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने का वादा किया है। वित्त मंत्री ने बताया कि पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर केंद्र सरकार की तरफ से गठित समिति ने सभी पक्षकारों से बात की है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए केंद्र और राज्य को साथ मिलकर काम करना होगा, क्योंकि सुधार करना सिर्फ केंद्र का काम नहीं है। प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाना होगा। उन्होंने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर, निवेश, इनोवेशन और समावेशी विकास के चार कारकों से ही देश (शेष पृष्ठ 7 पर)

क्या सुनीता केजरीवाल बनेंगी दिल्ली की राबड़ी, अनुराग ठाकुर का बड़ा दावा

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नयी दिल्ली। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता के द्वारा किए गए एक संबोधन पर जवाब भेजा, जो उन्होंने कुछ घंटे पहले ही दिया था। केंद्रीय मंत्री ने संकेत दिया कि सुनीता केजरीवाल आगे बढ़ सकती हैं और दिल्ली के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर उसी तरह कब्जा कर सकती हैं, जैसे वर्षों पहले राबड़ी देवी ने बिहार में किया था। उन्होंने कहा, ष्जब लालू प्रसाद यादव चारा घोटाले में फंसे थे तो राबडी देवी घोषणाएं करती थीं और बाद में धीरे-धीरे उन्होंने कुर्सी पकड़ ली। केंद्रीय मंत्री के बड़े दावे को शायद निराधार नहीं माना जा

सकता है क्योंकि हालिया अटकलों ने संकेत दिया था कि सुनीता दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में अंतरिम प्रभार ग्रहण कर सकती हैं। विशेष रूप से, सुनीता ने अपने पति की गिरफ्तारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय लॉकअप से भेजे गए उनके संदेश को पढ़ा। वे वीडियो, जिसे आम आदमी पार्टी द्वारा लाइव-स्ट्रीम किया गया था उस वीडियो में सुनीता को उसी कुर्सी पर बैठे हुए दिखाया गया था, जहां से उनके पति मीडिया को संबोधित करते थे।

आश्चर्य की बात नहीं है कि कुर्सी और पृष्ठभूमि, जिस पर तिरंगे के साथ भगत सिंह और डॉ. बीआर अंबेडकर की तस्वीरें हैं, ने उनके संबोधन की तुलना में अधिक लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद सुनीता केजरीवाल की कथित राजनीतिक प्रविष्टि के (शेष पृष्ठ 7 पर)

बैंती कस्बे में ऐतिहासिक होलिकोत्सव सम्पन्न

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- निकाली गई भगवान की पालकी एवं भव्य शोभायात्रा
- लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही रथों में सजी भगवान की सुन्दर झांकियां

शिवगढ़,रायबरेली। शिवगढ़ क्षेत्र के बैंती कस्बे में होली के तीसरे दिन धूमधाम से आयोजित ऐतिहासिक होलिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। भगवान की पालकी, भव्य शोभायात्रा व भगवान की आकर्षक झांकियां निकाल कर घर-घर घूमाई गई। डीजे के साथ सैक?ों की संख्या में चल रहे युवा भक्ति एवं होली गीतों पर जमकर थिरके। दोपहर 3 से रात्रि 11 बजे तक हर गली मोहल्ले में होलिकोत्सव की धूम मची रही। गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत बैंती में करीब 300 वर्षों से होली के तीसरे दिन बड़े ही धूमधाम से भव्य होलिकोत्सव कार्यक्रम मनाया जाता है। हर साल की तरह होली के तीसरे दिन अरुण कुमार मिश्रा के दरवाजे भगवान की पालकी सजाकर पूर्व खण्ड विकास अधिकारी रामलोचन मिश्रा के दरवाजे स्थित शिव मन्दिर प्रांगण में मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना करने के बाद भगवान श्रीकृष्ण-राधा जी की पालकी निकालकर घर-घर घुमाई गई। भगवान के घर आने की प्रतीक्षा में श्रद्धालु रात्रि 11 बजे तक पलके बिछाए बैठे रहे। हर घर में पूजा के समय बजते शंख,घण्टे,घडियाल एवं भक्तों द्वारा लगाए जा रहे जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में निकली गई भव्य झाकियों में विशेष गुप्ता ने शंकर जी का, अपर्णा गुप्ता ने गौरी जी का, गिरिराज गुप्ता ने कृष्णा का अक्षिता गुप्ता ने राधा का,अंश मौर्य ने संकट मोचन बजरंगबली का, वेदिका गुप्ता, मानवी गुप्ता ने राधा जी की सखी गोपिका का, आर्यन उर्फ अटल व सौरभ ने फौजी का अभिनय कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। रथों पर सजी मनमोहक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। मंत्रमुग्ध कर देने वाली सुन्दर झांकियों को हर कोई अपने कैमरे में कैद करता नजर आया। इसके साथ ही करीब एक दर्जन टोलियों एवं धवांरी मण्डलियों ने फागुन गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोगों से होली मिलते करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। डीजे की धुन पर बजते भक्ति एवं होली गीत पर युवा जमकर थिरके। कार्यक्रम का सफल आयोजन हर्षित राज राठौर, लकी साहू, शिवम मिश्रा, हरिज्ञान जायसवाल, गौरव शुक्ला, शिवम मिश्रा, देवेश गुप्ता,प्रशान्त मिश्रा,अरुण मिश्रा, शिवांग साहू,शुभम शुक्ला, रामशंकर गुप्ता,अंकित बाजपेई, शुभम शुक्ला, शिवम गुप्ता,महेश मिश्रा, अंकुर गुप्ता, सचिन जयसवाल,अतुल सिंह, आलोक बाजपाई, मनीष साहू, हरिगोविंद मौर्य,कमल किशोर रावत आदि लोगों के नेतृत्व में किया गया।

शोभायात्रा में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जानकीशरण जायसवाल,डॉ.शरद मिश्रा, सर्वेश मिश्रा,पुत्तन तिवारी, गोपाल जायसवाल, हरिओम जायसवाल,मोहित गुप्ता, शुभम गुप्ता,शुभम जायसवाल, मोहित साहू, ओम प्रकाश अवस्थी, शैलेंद्र तिवारी, आशीष त्रिवेदी ललित बाजपेई,अंकित बाजपेई,नीरज बाजपेई, विकास शुक्ला, आशीष अवस्थी, धीरज बाजपेई,पुत्तन तिवारी,संजय रावत सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

डीएम ने मतदाता जागरूकता अभियान में लिया हिस्सा

चर्चित राजनीति। संवाददाता

रायबरेली। ऊंचाहार नगर पंचायत के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद है।जिस विद्यालय में बुधवार के दिन मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाया गया।

जहां पर हस्ताक्षर अभियान मतदान हेतु प्रेरणा के दौर पर करवाया गया।डीएम हर्षिता माथुर कार्यक्रम में पहुंची और मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया।जिसके बाद हस्ताक्षर सर्वप्रथम डीएम ने करके लोगों को मतदान करने के प्रति प्रेरित किया गया डीएम ने मतदान के दिन मतदाताओं को घर घर बुलाने वाले पहले से घटित युवक व युवती के समूह को कैप देकर सम्मानित किया।एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने भी लोगों को वगैर डर भय के मतदान करने जरूर जाने के लिए प्रेरित किया खण्ड शिक्षा अधिकारी डा सत्यप्रकाश यादव ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक व शिक्षिकाओं के माध्यम से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के द्वारा उनके अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिस नियम को लेकर उनके पहल की प्रशांसा भी हो रहा है।जिस मौके पर एसडीएम सिद्धार्थ कुमार;तहसीलदार दीपिका सिंह आदि सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण/ दस्तक अभियान के सफल संचालन के सम्बंध में बैठक

संवाददाता

अंबेडकर नगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रणध्दस्तक अभियान(1 अप्रैल 2024 से 30 अप्रैल 2024) के सफल संचालन के सम्बंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने संबंधित विभागो के अधिकारियों से उनके द्वारा की गयी तैयारियों को लेकर समीक्षा की एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किये।डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया तथा अन्य संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज सर्वोच्य प्राथमिकताओं के साथ करने के निर्देश दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस अभियान के सफल संचालन हेतु अपनी भूमिका पूर्ण मनोयोग से निभाये तथा सभी विभागों को निर्देश दिये कि वह संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सफल आयोजन करें। दस्तक अभियान तथा संचारी अभियान में आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्री की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही साथ मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि एंटी लारवा, साफ सफाई, फॉगिंग कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजकुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी,जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, समस्त केन्द्र अधीक्षक ध् प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एस0एम0ओ0 डब्लू0एच0ओ0 डी0एम0सी0 यूनिसेफ खण्ड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

कवि स्पर्श द्वारा सम्मानित हुए कवि व मंच संचालक - डॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु

संवाददाता

अंबेडकरनगर। तुम्हारी कामयाबी का हर एक पन्ना पढ़ लिया मैंने । अब बताओ मैं कौन सा दिली उपहार दे दूं तुमको ।। चर्चित कवि व मंच संचालक डॉ0 तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु का यह शेर स्वयं को गौरवनित करता है । पेशे से शिक्षक कवि जिज्ञासु के खाते में पुरस्कार एवं सम्मानों की एक श्रृंखला है । जिज्ञासु की रचना धर्मिता में दर्जनों व्यक्तिगत एवं साझा काव्य संग्रह शामिल हैं। शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कवि सम्मेलनों में जिज्ञासु की सक्रिय सहभागिता हुआ करती है एवं काव्य पाठ तथा संचालक के रूप में बेहतर किरदार निभाते आ रहे हैं । हाल ही में जिज्ञासु को देश की अग्रणी साहित्यिक संस्था कवि स्पर्श द्वारा नव वर्ष कवि सम्मान 2024 से नवाजा गया है । जिज्ञासु के सम्मान पर शिक्षकों , कवियों , साहित्यकारों एवं समाजसेवियों द्वारा सोशल मीडिया पर बधाई एवं शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है ।

निर्वाचन में जो दायित्व सौपा गया उसे पूरी निष्ठा लगन व समायावधि में तत्पर्तापूर्वक निर्वहन करें डीएम

संवाददाता

बस्ती - लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में पोस्टल बैलेट, स्टेशनरी, बैरिकेटिंग, टेण्ट, डाक मतपत्र आदि व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने दिया। उन्होने निर्वाचन से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्वाचन में जो दायित्व सौपा गया है, उसे पूरी निष्ठा, लगन व समायावधि में तत्पर्तापूर्वक निर्वहन करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नही किया जायेंगा। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त लाइसेंसी शस्त्रधारको से अपील किया है कि अपना लाइसेंसी शस्त्र आगामी 5 अप्रैल के भीतर जमा कर दें। इस अवधि में शस्त्र ना जमा करने वाले लाइसेंस धारकों की शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही कर दी जायेंगी। बैठक में सीडीओध्प्रभारी कार्मिक जयदेव सीएस, एडीएमध्डप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र, सीआरओ संजीव ओझा, पीडी राजेश झा, उप जिलाधिकारी राम कृष्ण, सहायक चकबन्दी अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत मनोज सिंह, पीडब्ल्यूडी के अवधेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

मिथाइल एल्कोहल एक प्रकार का घातक जहर है सेवन न करें- आबकारी अधिकारी

संवाददाता, उरई (जालौन)। प्रभारी आबकारी अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पत्र 11 मार्च 2024 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मिथाइल एल्कोहल एक प्रकार का घातक जहर है, जो सामान्य शराब की तरह दिखता है, इसका प्रयोग अवैध कच्ची शराब बनाने वाले कर सकते है, जिसके पीने से आँखों की रोशनी जा सकती है तथा इसके अधिक सेवन से व्यक्ति की जान भी जा सकती है। अत: आपसे यह अपील की जाती है कि सरकारी मदिराध्ठेकों की दुकानों से क्यू. आर. कोड (स्टीकर) लगे मदिरा का ही सेवन करें।

पलक पाण्डेय ने लगातार तीन वर्षों से प्राप्त किया गोल्ड मेडल

अपनी कक्षा में लगातार अर्जित किया सर्वाधिक अंक

संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले के के एन आई सी ई करौंदिया विवेक नगर में वर्ष 2024 का परीक्षा फल वितरित किया गया। इस उपलक्ष्य में पीटीएम का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों के अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। सभी विद्यार्थियों के अंक उनके अभिभावकों को बताए गए और कक्षा अध्यापक द्वारा अंक पत्र और प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। कक्षा 9 की छात्रा पलक पाण्डेय प्रारंभ की कक्षाओं से ही अपने कक्षा की मेधावी छात्रा रही है। 22 मार्च 2024 को वितरित हुए कक्षा 9 के अंक पत्र में पलक पाण्डेय ने कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर एन डी सिंह और कक्षा अध्यापक हसनात सर ने पलक पाण्डेय को गोल्ड मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संस्थान की उप प्रधानाचार्य तन्वी गोयल और कोऑर्डिनेटर रेनू सिंह ने पलक को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। पलक ने बताया कि वह कठिन परिश्रम करके भविष्य में आईपीएस बनना चाहती है। पलक के पिता संतोष पाण्डेय जी जिले सुल्तानपुर में पत्रकार हैं।

तारकोल चोरों को 02 अदद पीकप व चोरी के 19 ड्रम के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता, बस्ती -पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रमोद कुमार राय के नेतृत्व में दीपक कुमार दूबे प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज पुलिस, एस0ओ0जी0 टीम बस्ती व स्वाट टीम बस्ती एवं सर्विलांस टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में थाना कप्तानगंज क्षेत्रान्तर्गत तारकोल चोरी होने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 32/2024 धारा 379 प्च्ब् से सम्बंधित 04 अंतर्जनपदीय तारकोल चोरोंध् अभियुक्तों 1- विनय निषाद पुत्र बनवारी 2- लक्ष्मण पुत्र जिल्ला 3- इरफान पुत्र नकछेद 4- करन पुत्र जैली को हरिनगर थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ (उ0प्र0) से गिरफ्तार कर यथा क्रमश: 1- 02 अदद पीकप, 2-19 ड्रम तारकोल, 3- 01 अदद मोबाइल व नगद रुपये 10,600- बरामद किया गया ।

चुनाव चिन्ह निश्चित, प्रत्याशी पर अटकलें, हैरत में मतदाता

चर्चित राजनीति। संवाददाता

रायबरेली। लोकसभा चुनाव का बिगुल फुंकने के बाद दो राष्ट्रीय पार्टी के बीच प्रत्याशियों को घोषित न किया जाना और जिले से लेकर यूपी तक के पदाधिकारी खमोशी बना रखा है।जिससे चुनाव चिन्ह पार्टी के सभी को मालुम है लेकिन पार्टी के प्रत्याशी को जानने के लिए इन दिनो सोशल मीडिया में सक्रीयता लोगों का दिख रहा है तो वहीं फोन तक लगा लगाकर पता लगाने का दौर चल रहा है।

जिला रायबरेली कांग्रेस का अधिकांश सांसद जीत हासिल करने पर कांग्रेस के गढ़ के नाम से जिला सुविख्यात है और सभी के जुबां तक ये बात है।जिसमें लोकसभा चुनाव का बिगुल फुंकने के बाद जिले में आने वाले 26 अप्रैल को अधिसूचना लागू होगा और 20 मई को मतदान एवं 4 जून को मतगणना प्रारंभ होगा।लेकिन जिले में कांग्रेस के गढ़ में मौजूदा सरकार सेंधजनी लगाने के लिए जिले में कई केन्द्रीय मंत्री से लेकर सूबे के मुख्यमंत्री तक आ चुके है तो कोई न कोई मंत्री अपनी आमद निरंतर बना रहा है लेकिन भाजपा पार्टी जरूर सक्रीय है लेकिन प्रत्याशी का घोषणा अभी तक नही किया और तो और कांग्रेस के पार्टी से कौन प्रत्याशी होगा उसका भी घोषणा अभी तक नही किया गया जबकि भाजपा पार्टी व कांग्रेस के चुनाव चिन्ह तो है लेकिन उनके प्रत्याशियों के घोषणा न होने पर 72 वर्ष बाद ऐसा नजारा देखने को जिले के वाशियों को मिल रहा है।यहां तक के दोनों पार्टी के जिले से लेकर प्रदेश तक के पदाधिकारी प्रत्याशी के बावत जानकारी लेने पर उनका एक ही उत्तर होता है कि शीर्ष नेताओं में मंथन चल रहा है जहां के फैसले का हम सब अनुपालन करेंगे।वहीं मतदाताओं तक में हैरत होने पर वे सोशल मीडिया के प्लेटफार्म व्हाट्सएप;स्ट्राग्राम व फेसबुक ;ट्वीटर आदि तक की छानबीन अपने अपने मोबाइल के माध्यम से करने के साथ साथ टेलीविजनों में समाचार जरूर सुन रहे है कि कब कौन पार्टी प्रत्याशी घोषित कर रहा है या नही लेकिन उनको निराशा जरूर लग रहा है लेकिन अगले दिन आने की जरूर उम्मीद जताकर व्यतीत कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

हत्या के नियत से कार ने मारी टक्कर, एफआईआर दर्ज

रायबरेली, चसं। युवक के ऊपर हत्या के नियत से कार से टक्कर मार दिया गया जिसमें युवक के दोनो पैर टूटने के साथ साथ गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल में भर्ती करके उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके जांच पड़ताल में जुट गई है। ऊंचाहार थाना के गांव दलापुर के निकट कार से शुभम सिंह के पैर दोनो टूटने के साथ गंभीर शरीर के अन्य हिस्सों में चोटे आने पर उनको सीएचसी ऊंचाहार से रेफर करने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती करके उपचार किया जा रहा है।घायल की मां कृष्णा देवी पत्नी स्वर्गीय विमलेश सिंह निवासिनी पट्टीरहसकैथवल ने कोतवाली में तहरीर देकर कार सवार चालक के खिलाफ नामजद तहरीर दिया है जिसमें हत्या के नियत से कार से टक्कर मारकर पुत्र को घायल करने का आरोप लगाया है।थाना प्रभारी ने बताया कि घायल की मां कृष्णा देवी की तहरीर पर आरोपी दीपक सोनी पुत्र लालजी सोनी निवासी पट्टीरहसकैथवल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

राशन कम देने के विरोध में युवक को पीटा, तीन नामजद

रायबरेली, चसं। सलोन थाना के गांव राजापुरचकबीबी निवासी आकाश सिंह अपने गांव के कोटे की दुकान में राशन लेने हेतु गया था जहां पर राशन की घटतौली तौलने का युवक आरोप लगाते हुए कोटेदार से पूरा राशन देने की बात कही जिस बात से आहत होकर कोटेदार अपने पत्नी व पुत्र के साथ मिलकर आकाश सिंह की पिटाई कर दिया।युवक की आजी गिरिजा देवी पत्नी ओमप्रकाश सिंह ने गांव के कोटेदार ;कोटेदार की पत्नी व पुत्र के खिलाफ नामजद तहरीर सलोन थाना में दिया है।उधर सलोन थाना प्रभारी ने बताया कि पी?िता की तहरीर पर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

घर से लापता युवती का शव फंदे से लटका मिला

रायबरेली, चसं। घर से लापता युवती का शव गांव के निकट पेड़ के डाल से संदिग्ध परिस्थितियो में लटकता हुआ शव मिला है।शव के मिलने को लेकर अलग अलग चर्चाएं थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। लालगंज थाना क्षेत्र के गांव कुड़वल गांव निवासिनी बिटाना 28वर्ष पुत्री सरजूप्रसाद अपने घर से बीते 25मार्च से लापता थी जिनका खोजबीन परिजन कर ही रहे थे कि उसका शव गांव के निकट पेड़ की डाल में संदिग्ध परिस्थितियो में फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला है।युवती के मुंह से झाक निकलने पर स्थानीय ग्रामीणों से लेकर परिजन तक दबी जुबां पर हत्या करके उसका शव लटकाने तक की बात कह रहे थे।परिजन की सूचना पर पुलिस बुधवार के दिन मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया है।लालगंज थाना प्रभारी ने बताया कि युवती का शव पोस्टमार्टम हेतु पंचनामा के बाद बुधवार के दिन भेजा गया है।जहां से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

मारपीट में महिला व युवक घायल, भर्ती

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार थाना के अन्तर्गत खत्रीटोला निवासिनी रत्ना कश्यप 22वर्ष पत्नी पुत्तन को मामूली विवाद में मारपीट करके घायल कर दिया गया।जिनको सीएचसी में भर्ती किया गया है।दूसरी मारपीट कोतवाली के बाबूगंज में हुई जहां पर मोबाइल के दुकानदार संदीप मिश्रा 35वर्ष पुत्र श्यामबाबू निवासनी कदलाबाद को भी मारपीट करके घायल कर दिया जिनको भी चोट आने पर सीएचसी में भर्ती किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल पक्ष से तहरीर मिलने पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

तालाब में दो सगे मासूम डूबे, एक की मौत

रायबरेली, चसं। गदागंज थाना क्षेत्र के गांव अंबारामथई निवासी आकाश 14वर्ष अपने छोटे भाई आदर्श पुत्रगण सत्यम के साथ तालाब में नहाते दौरान दोनो डूबने लगे जिसमें आदर्श कुमार किसी तरह अपनी जान बचा लिया जबकि आकाश की डूबने से मौके पर ही मौत हो गई है।गदागंज थाना प्रभारी ने बताया कि आकाश की मौत हुई है जबकि उसका छोटा भाई आदर्श सकुशल बच गया है।

प्रसूता के पति को कर्मचारियों ने पीटा, वीडियो वायरल

रायबरेली, चसं। सदर कोतवाली के अन्तर्गत जिला महिला अस्पताल है।जिस अस्पताल का वीडीओ सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।जिसमें दावा किया जा रहा है कि प्रसूता के पति से महिला अस्पताल के कर्मचारियों से कथित तौर से पैसा मांगने के आरोप में हुए झड़प के बाद अस्पताल के कर्मचारियों ने प्रसूता के पति को दौड़ा दौड़ाकर पीट रहे है।जिसको लेकर अस्पताल के सीएमस ने कहा कि जांच करवाने के बाद कुछ बता पाएंगे।वहीं सदर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि हमें जानकारी नही है न ही लिखित तहरीर मिला है फिलहाल वीडीओ के आधार पर जांच करवाया जा रहा है।

पूरी रात ट्रिप हुई बिजली, 15 हजार उपभोक्ता रहे परेशान

रायबरेली, चसं। गर्मी के दस्तक देना प्रारंभ कर दिया है जिस बीच विद्युत कर्मचारी तक बेलगाम हो गए है सांयकाल से सुबह तक विद्युत ट्रिप निरंतर करने पर उपभोक्ताओं के घरों के विद्युत पार्ट्स जहां नष्ट हुए तो वहीं विद्युत कटौती के बीच रात्रि में लोगों की नींद तक हराम था जिसकी सूचना देने के बावजूद कोई सुनने वाला नही है। ऊंचाहार तहसील के अन्तर्गत जमुनापुर विद्युत उपकेन्द्र बना हुआ है।जिस उपकेन्द्र से मंगलवार की सांयकाल से बुधवार की सुबह तक विद्युत सप्लाई के दौरान प्रत्येक मिनट पर विद्युत ट्रिप विभागीय लापरवाही के कारण आए तकनीकी खराबी से हो रहा था।जिससे 15 हजार के तकरीबन उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना उठाना प?ा है।विद्युत सप्लाई के दौरान विद्युत ट्रिपिंग से उपभोक्ताओं के विद्युत बल्व व अन्य विद्युत से चलने वाले पार्ट्स नष्ट हो गए जिससे भारी संख्या में उपभोक्ताओं का नुकसान हुआ है।उपभोक्ताओं के द्वारा जमुनापुर विद्युत उपकेन्द्रों के अधिकारी व कर्मचारियों तक को अवगत फोन के माध्यम से करवाया गया लेकिन फाल्ट दुरूस्त नही किया गया।जिससे मोबाइल चार्जिंग दिक्कत के साथ साथ खेतों की रोपाई व आटाचक्की तक बंद थे।उधर एक्सइन धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि जांच करवाया जा रहा है फाल्ट को सूचना के बाद क्यों नही दुरूस्त किया गया उसको लेकर जवाब तलब करने के बाद विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

शराब पीने से हुए मौत के मामले की जांच करेंगे सीओ

रायबरेली, चसं। नसीराबाद थाना क्षेत्र के गांव पूरे गेंदऊ मजरे बेवल निवासी लेखई उर्फ रामलखन 47वर्ष पुत्र नन्हू पासी का कथित तौर से शराब पीने के बाद हालत बिगड़ने से मौत होने का वाक्या सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया।जिसमें मौत होने की पुष्टि तो हुई है लेकिन शराब के नाम पर पुलिस खमोश है।जबकि मृतक की पत्नी तारा देवी व पुत्र कुलदीप 21वर्ष;हिमांशु 6वर्ष व बेटी मानसी 10वर्ष और महक 8वर्ष का रो रोकर बुरा हाल था।मृतक का 10 विस्वा महज भूमि है।थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।उधर सीओ ने बताया कि शराब से मौत की सूचना पर जांच किया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

वीडियो में कैद हुआ महिला के मारपीट का मामला, जांच जारी

रायबरेली, चसं। सलोन थाना क्षेत्र के गांव ममुनी निवासिनी एक महिला के साथ मारपीट किया जा रहा है जिसका वीडीओ सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया है।वायरल वीडीओ वायरल में मारपीट के दौरान महिला का वस्त्र तक फटने से प्रकरण गंभीर हो गया।जिसको लेकर उसकी सूचना पुलिस को दिया गया।सलोन सीओ ने बताया कि वीडीओ के आधार पर आरोपितों की शिनाख्त करवाकर उनके खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा।

सड़क हादसे में महिला वकील की मौत

अमेठी, चसं। अमेठी में ननद के साथ स्कूटी से बाजार जा रही महिला अधिवक्ता को सामने से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला अधिवक्ता की मौत हो गई। जबकि ननद मामूली रूप से घायल हो गई। घटना के बाद ट्रक को मौके पर छोड़ चालक फरार होने में कामयाब हो गया। फिलहाल पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है। दरअसल ये पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के ताला और बारामासी चौराहे के बीच स्थित मुकुटनाथ मंदिर के पास का है। जहां आज सुबह करीब 11 बजे कालू का पुरवा सोनपुर मनकंठ गांव की रहने वाली महिला अधिवक्ता 28 वर्षीय दीक्षा तिवारी पत्नी संदीप तिवारी अपनी ननद आरती तिवारी के साथ स्कूटी से अमेठी बाजार जा रही थी। दीक्षा अभी ताला मोड़ से मुड़कर अमेठी की तरफजा ही रही थी। अमेठी की तरफसे आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी।

संक्षिप्त समाचार

यात्रियों के पर्स व मोबाइल चोरी करने वाला रेलवे पुलिस के हत्थे चढ़ा

लखनऊ, चसं। थाना जीआरपी अयोध्या टीम द्वारा ट्रेन में यात्रियों के मोबाइल, पर्स आदि सामान की चोरी करने वाला अभियुक्त राजेश कुमार वंशी गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के एक मोबाइल, पायल व नगदी बरामद। पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ प्रशान्त वर्मा के निर्देश में ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी ,लूट व जहर खुरानी की घटनाओं की रोकथाम व हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे विकास कुमार पाण्डेय के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी अयोध्या कैन्ट राकेश कुमार राय द्वारा जीआरपी अयोध्या कैन्ट की गठित टीम द्वारा थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट पर चोरी के सफेद धातु के पायल 1110 रू0 नकदी के साथ आज एक शातिर किस्म का चोर राजेश कुमार वंशी को बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया अभियुक्त राजेश कुमार वंशी (32)पुत्र कृष्ण कुमार बंशी ग्राम जियाभारी थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थ का रहने वाला है ।

बोर्ड की कापियां क्षेत्रीय कार्यालय भेजने में नहीं लगेगी शिक्षकों की ड्यूटी

लखनऊ, चसं। बोर्ड की कॉपियों के बंडल को क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजने में शिक्षकों की ड्यूटी अब नहीं लगेगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने निर्देश जारी कर दिया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने डीआईओएस को पत्र भेजकर कहा है कि मूल्यांकन केंद्र से मूल्यांकन के बाद कॉपियों के बंडल को क्षेत्रीय कार्यालयों में भेजने के लिए शिक्षकों की ड्यूटी न लगाई जाए। सिर्फशिक्षणेत्तर कर्मचारियों की ही ड्यूटी लगाई जाए। शिक्षक संघों के मूल्यांकन बहिष्कार जारी रखने के निर्णय के बीच माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने शिक्षकों से मूल्यांकन में सहयोग की अपील जारी की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मूल्यांकन बहिष्कार के कारण परिणाम प्रभावित होगा। इससे लाखों छात्रों का हित प्रभावित होगा।बोर्ड की कॉपियों के बंडल को क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजने में शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी।

सचिवालय के रिटायर्ड अधिकारी ने किया सुसाइड

लखनऊ, चसं। सचिवालय से रिटायर अधिकारी ने ब्लेड से नस काटकर सुसाइड कर लिया है। 75 साल के जगदीश प्रसाद स्टोमा बीमारी से पीड़ित थे। बुधवार को लखनऊ की गाजीपुर पुलिस ने उनके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद घर पर मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने बताया कि जगदीश प्रसाद 2008 में अनुभाग अधिकारी के पद से रिटायर हुए थे। स्टोमा से पीड़ित होने के कारण वह काफी परेशान रहते थे। वह संजय गांधी पुरम कालोनी में अपने बेटे के साथ रहते थे। उनके तीन बेटे हैं। एक बेटा प्रतापगढ़ गांव और एक प्रयागराज में रहते हैं। बीमारी के कारण उनका चार बार ऑपरेशन भी हो चुका है। जगदीश ने बीमारी से परेशान होकर पहले भी सुसाइड का प्रयास किया था। इस दौरान दिसंबर में पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। घर के बाथरूम में शव मिलने के बाद परिजन शव को लेकर आरएमएल अस्पताल गए थे, लेकिन वहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बीमारी से परेशान होकर बुजुर्ग ने सुसाइड किया है।

सिपाही पर घूस मांगने का आरोप, सामने आया वीडियो

लखनऊ, चसं। राजधानी लखनऊ के एक पुलिस कॉन्स्टेबल का वीडियो सामने आया है। दावा किया जा रहा है कि कांस्टेबल सुशील चौहान घूस की मांग कर रहा है। सामने आए दो वीडियो में एक में रूपए के लेनदेन और दूसरे में पैसे के हिसाब को लेकर बात हो रही है। एक वीडियो में सिपाही सुशील चौहान कुछ लोगों से लकड़ी की कटाई को लेकर बात कर रहा है। यह वीडियो पिछले साल मार्च का बताया जा रहा है। इसमें सिपाही प्रति गाड़ी लकड़ी के हिसाब से रुपए की लेन देन की बात कर रहा। साथ ही लकड़ी की गाड़ी जाने पर कोई जानकारी नहीं देने की बात कही जा रही। इसपर एक व्यक्ति सिपाही को रुपए देने की बात कहता है। सिपाही इस पर कहता है कि तुम्हारी बात नहीं कर रहे। इस दौरान सिपाही पांच ट्राली लकड़ी की बात करता है, जिसपर पास में मौजूद लोग इससे कम लकड़ी होने का दावा करते हैं। साथ ही जितनी लकड़ी निकलेगी उतना पैसा देने का भी दावा किया गया है। वहीं, एक अन्य वीडियो में रुपए के बंटवारे की बात चल रही। गोसाईगंज के थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मौके पर थाना में इस नाम का कांस्टेबल तैनात नहीं हैं । छह महीने पहले इसका ट्रांसफर हो गया था। इसके बारे में अधिक जानकारी नहीं है। कांस्टेबल सुशील चौहान उर्फफौजी पहले गोसाईगंज में तैनात था। मौजूदा समय में वह बिजनौर थाना में तैनात है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा ने बताया कि मामले की जानकारी अभी नहीं है। एसीपी कृष्णानगर विनय कुमार त्रिवेदी ने बताया कि मामले की जानकारी कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

रालोद के एनडीए से गठबंधन के बाद 'इंडिया' को प्रत्याशियों का टोटा : अनिल

लखनऊ, चसं। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह द्वारा 28 मार्च को अमरोहा व बिजनौर लोकसभा क्षेत्र से शुरू किये जा रहे चुनाव अभियान को लेकर जनसभाओं के क्रम में 31 मार्च 2 अप्रैल व 4 अप्रैल के कार्यक्रम तय है। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि चौधरी जयंत सिंह 31 मार्च को मुजफ्फरनगर व बागपत लोकसभा क्षेत्र 2 अप्रैल को कैराना व बागपत लोकसभा क्षेत्र तथा 4 अप्रैल बिजनौर व बागपत लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर एनडीए प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील करेंगे।

जितिन प्रसाद ने पीलीभीत सीट से दाखिल किया नामांकन केंद्र व राज्य नेतृत्व को दिया धन्यवाद

चर्चित राजनीति। संवाददाता

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने पीलीभीत से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के रूप में बुधवार को नामांकन दाखिल कर दिया। उन्हें पार्टी ने मौजूदा सांसद वरुण गांधी की जगह प्रत्याशी बनाया है।

प्रसाद के वकील सरोज कुमार बाजपेयी ने बताया, प्रसाद ने जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष हिंदी भाषा में चार सेटों में नामांकन जमा किया है। उन्होंने अपनी कुल चल और अचल संपत्ति 15 करोड़ रुपए दिखाई है। उन्होंने बताया कि उनके नामांकन पत्र में चारों विधानसभाओं के भाजपा विधायकों-संजय गंगवार, बाबूराम पासवान, विवेक वर्मा और स्वामी प्रकाशानंद प्रस्तावक थे। नामांकन के दौरान वरुण गांधी मौजूद नहीं थे और स्थानीय नेता उनकी अनुपस्थिति के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। नामांकन से पहले प्रसाद ने शहर स्थित मां यशवंती देवी के मंदिर में मत्था टेका और उसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। नामांकन के बाद मंदिर परिसर में ही चुनावी सभा का आयोजन किया गया। प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री प्रसाद ने कहा, मैं मुझको चुनाव मैदान में उतारने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय और राज्य नेतृत्व को धन्यवाद देता हूं। मैं पीलीभीत लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। पीलीभीत सीट पर पिछले चार लोकसभा चुनावों से भाजपा का ही कब्जा है। वर्तमान में वरुण गांधी यहां से सांसद हैं। प्रसाद ने 2004 में कांग्रेस के टिकट पर शाहजहाँपुर सीट से लोकसभा चुनाव जीता था और 2009 में वह धौरहरा सीट से जीते थे और तत्कालीन कांग्रेस सरकार में राज्यमंत्री बनाए गए थे।

भाजपा उम्मीदवार राघव लखनपाल शर्मा ने पर्चा भरा, कहा- जिले में एम्स और रिंग रोड़ की स्थापना कराएंगे : सहारनपुर लोकसभा से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार राघव लखनपाल शर्मा ने नामांकन के अंतिम दिन बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पूर्व उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश को बदलकर रख दिया है। गरीबों को निरूशुल्क राशन, महिलाओं के लिए शौचालय और गरीबों के आवास। घर-घर पेयजल की आपूर्ति, गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर, किसानों को सम्मान निधि जैसी सैकड़ों कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। अयोध्या में भव्य राममंदिर बन रहा है और जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाई है।राघव लखनपाल शर्मा समर्थकों के हुजूम के साथ करीब पौने तीन बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे। तीन बजने में पांच मिनट पहले उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र के कक्ष में प्रवेश किया। उनके साथ उनके दो प्रस्ताक नगर विधायक राजीव गुंबर और रामपुर मनिहारान के विधायक देवेंद्र निम और भाजपा जिलाध्यक्ष डा. महेंद्र सैनी थे। नामांकन भरकर बाहर निकले राघव लखनपाल शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वह सहारनपुर में एम्स और रिंग रोड़ की स्थापना कराएंगे। प्लाईवुड इंडस्ट्री लगवाएंगे और नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के अवसर पर सहारनपुर की जनता की ओर से उनके समर्थन में अपना हाथ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि वे 24 घंटे जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। वह बोले कि पिछला चुनाव हारने के बावजूद वह लोगों के बीच रहे।

उन्होंने यहां की जनता से भूलवश हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगी और उन्हें इस बार जिताने की भावुक अपील की। भाजपा उपाध्यक्ष और एमएलसी मोहित बेनीवाल ने भी लोगों से भाजपा को जिताने की अपील की। इस दौरान सहारनपुर के दोनों मंत्री जसवंत सैनी और बृजेश सिंह, मेयर डा. अजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम और कई पूर्व विधायक उपस्थित रहे।

रिजल्ट आया नहीं ग्यारहवीं के एडमिशन शुरू

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- निजी विद्यालयों का दबाब बिना रिजल्ट जमा करो ग्यारहवीं की फीस

लखनऊ। निजी विद्यालय अपनी कमाई के नित नये-नये हथकंडे अपना रहें हैं। कापी, किताबें, यूनीफर्म, जूते, मोजे, खुद बेचने के बाद अब हाई स्कूल पास करने के बाद बच्चे कहीं और न एडमिशन न ले पाये तो अब ग्यारहवीं की फीस भी एडवान्स में जमा करवाने का दबाब अभिभावकों पर डाल रहे है। जानकारी में मुताबिक राजधानी के नामचीन निजी विद्यालयें ने कक्षा दस की परीक्षा समाप्त होते ही अपने यहां ग्यारहवीं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है।

नये एडमिशन तो कर ही रहे है साथ ही वही कक्षा दस में पढ़ रहे विद्यार्थियों से बिना रिजल्ट घोषित हुये ही कक्षा ग्यारहवीं की फीस जमा कर देने का दबाब बना रहे है। यह भी कहा जा रहा है कि फीस जमा करवा दो अन्यथा सीटे भर जायेगी तो प्रवेश नहीं दिया जायेगा। अभिभावक मजबूरी में फीस जमा कर रहा है कुछ अभिभावक तो पूरे साल की फीस एडवान्स में जमा कर दे रहे है। शिक्षा विभाग की माने तो पूर्व में जिला विद्यालय निरीक्षक रह चुके डा0 मुकेश सिं ने एक प्रसिद्ध निजी विद्यालय द्वारा एडवान्स में ग्यारहवीं की फीस लिये जाने पर कार्यवाही करते हुये अभिभावकों को फीस वापस करवा दी थी। नियमानुसार कक्षा दस का परीक्षा परिणाम घोषित हुये बिना कक्षा ग्यारह में एडमिशन नहीं लिया जा सकता है। परन्तु निजी विद्यालय धड़ल्ले से ग्यानहवीं में नये एडमिशन भी ले रहे है और पुराने छात्रों से एडवान्स में फीस भी जमा करवा रहे है। शिक्षा विभाग का कोई भी नियंत्रण निजी विद्यालयों पर नहीं है। मामला चाहे यू-डायस प्लस पर पूरी जानकारी देने का हो या बिना रिजल्ट एडमिशन लेने का हो विभाग निजी विद्यालयों पर कोई कार्यवाही करने से डरता है। केवल कहोर कार्यवाही करने की बस चेतावनी ही देता रहता है।

श्री जगन्नाथ मंदिर में धूमधाम से मनाई गई फूलों की होली

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- मनोरम दृश्य देख अभिभूत हुए भक्तगण

लखनऊ। जनपद सीतापुर सिर्धाली तहसील के अन्तर्गत ग्राम न्योराजपुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में बीते शनिवार त्रयोदशी को प्रातः 4:30 बजे भगवान श्री जगन्नाथ जी की मंगल आरती की गई, तत्पश्चात सुबह 7 बजे श्रृंगार आरती एवं गुरू आरती करके हरे कृष्ण हरे राम का कीर्तन करते तथा भगवान गौर निताई जी (भगवान कृष्ण एवं बलराम जी) का अभिषेक दूध,दही,शहद,देशी घी इत्यादि से किया गया। अभिषेक में क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने हरिनाम कीर्तन करते हुए नृत्य करके गौर निताई का स्वागत किया। केयर एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित आयोजन एवं श्री जगन्नाथ मंदिर की संचालिका साधना वृद्धि देवी जी के सहयोग से विशाल फूलों की होली का आयोजन किया गया जिसमें न्योराजपुर से सैकड़ों ग्राम वासियों द्वारा हर्षोल्लास व उमंग के साथ नृत्य एवं हरिनाम कीर्तन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों ने अधिक से अधिक हरे कृष्ण हरे राम राम का महामंत्र जाप एवं भगवत गीता का स्वाध्याय किया जिससे समस्त जनमानस का कल्याण हो सके।

साथ ही साथ उपस्थित मीडिया बंधुओं को उनके सतृत सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी उपस्थित भक्तों ने स्वादिष्ट प्रसाद का आनंद लिया।

लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण में 8 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण में 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 28 मार्च को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य किये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण के अंतर्गत 9-अमरोहा, 10-मेरठ, 11-बागपत, 12-गाजियाबाद, 13-गौतमबुद्ध नगर, 14-बुलंदशहर अ.जा , 15-अलीगढ़ तथा 17-मथुरा की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव सम्पन्न किया जाना है। द्वितीय चरण की 08 लोकसभा सीटों में 07 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 01 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। अमरोहा, हापुड़, मेरठ,बागपत गाजियाबाद, बुलंदशहर, गौतम बुद्ध नगर, अलीगढ़ तथा मथुरा सहित 09 जिलों के अंतर्गत द्वितीय चरण के 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण की 08 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल निर्धारित है।

नामांकन पत्रों की जांच 05 अप्रैल को की जायेगी। 08 अप्रैल को अपराह्न 03 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निवार्चन क्षेत्रों की 04 जून को मतगणना की जायेगी। 06 जून से पूर्व निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करा ली जायेगी। द्वितीय चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.67 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 90.11 लाख पुरूष मतदाता, 77.38 लाख महिला मतदाता तथा 787 थर्ड जेन्डर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7797 मतदान केन्द्र तथा 17677 पोलिंग बूथ हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु प्रत्येक सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25,000 रुपये तथा अनुजाति,अनुजनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। राष्ट्रीय,राज्यीय दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में तथा रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी।

महिला वेटलिफ्टर से छेड़छाड़ दो पक्षों में जमकर मारपीट

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- एकदूसरे ने दर्ज कराया मुकदमा

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच में जमकर मारपीट हुई है। मामले में दोनों पक्ष ने क्रास मुकदमा दर्ज कराया है। इस दौरान दोनों पक्ष को चोट लगी है। मारपीट में शरीर से खून भी निकलने लगा था। पुलिस की जांच में सड़क पर गाड़ी के टच होने के बाद मारपीट और गाली गलौच की बात सामने आ रही है। खुर्दही बाजार में हुई घटना पर महिला खिलाड़ी ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बाजार में गाड़ी खड़ी कर दी थी। वहां मौजूद आरोपी ने उसने छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। सोमवार दोपहर हुई घटना में मंगलवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष के चंदन शुक्ला का कहना है कि वह अपनी कार में बैठे थे। तभी एक गाड़ी से शराब के नशे में धुत एक युवती आई और उनसे अभद्रता करने लगी। विरोध करने पर युवती धमकी देकर मारपीट करने लगी। पुलिस की एक पीसीआर एक सूचना पर घटना स्थल जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में उसे यह घटना दिख गई। मौके पर पुलिस कर्मी मारपीट और गाली गलौच से रोकते रहे। बावजूद इसके दोनों पक्ष मारपीट करते रहे। वहीं, घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्ष को एफआईआर कराने के लिए कहा था।

पुलिस का कहना है कि इस दौरान दोनों पक्ष में सोमवार को शिकायत नहीं दी थी। इसके कारण घटना के बाद मेडिकल भी नहीं हो सका।

भाजपा महानगर कार्यालय में होली मिलन में जुटे कार्यकर्ता

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। कैसरबाग स्थित महानगर कार्यालय पर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को होली की शुभकामनाएं देने के लिए लखनऊ महानगर के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, सामाजिक संगठन, प्रकोष्ठ पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, धार्मिक संगठन के पदाधिकारी, व्यापारी वर्ग समेत बड़ी संख्या में होली की शुभकामनाएं देने पहुंचे।

अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि होली दिलो को जोड़ने वाला त्योहार है रंगो का त्योहार सभी जीवन में उल्लास, उत्साह और नई ऊर्जा का संचार करे। भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा मोदी का परिवार होली मिलन कार्यक्रम बड़े स्तर से बूथ स्तर पर 27, 28 मार्च को आयोजित जाएगा। महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, सौरभ वाल्मीकि, विजय भुर्जी, सतीश वर्मा, विशाल गुप्ता, दीपक शुक्ला, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी, मधुबाला, नर्मिता, एवम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जामा मस्जिद के शाही इमाम मुहीबुल्लाह नदवी रामपुर से सपा प्रत्याशी, किया नामांकन

लखनऊ, चसं। रामपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जामा मस्जिद के शाही इमाम मुहिबुल्लाह नदवी ने आज नामांकन पत्र दाखिल कर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया है। आज सुबह सपा के बाद ऐलान ड्रामा खत्म हुआ। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सुबह चार्टर्ड प्लेन से देवेंद्र उपाध्याय को सिंबल लेकर रामपुर भेजा। दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम मुहीबुल्लाह नदवी ने रामपुर के लिए नामांकन किया। रामपुर के नगर अध्यक्ष आसिम रजा ने भी पर्चा खरीद लिया। रामपुर सीट से पहले अखिलेश यादव फिर तेज प्रताप यादव के नामों की चर्चाएं शुरू हुई, लेकिन बुधवार को जामा मस्जिद के शाही इमाम मुहीबुल्लाह नदवी को रामपुर को टिकट दिए जाने की बात सामने आई। उनको नामांकन के लिए दिल्ली से बुलाया गया। बताया जा रहा है कि चार्टर्ड प्लेन से उनके लिए सिंबल भेजा गया है। इसी बीच रामपुर के नगर अध्यक्ष आसिम राजा ने भी पर्चा खरीद लिया।

पुलिस उपाधीक्षक रेलवे द्वारा जीआरपी अकबरपुर का अर्धवार्षिक निरीक्षण

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे लखनऊ विकास कुमार पाण्डेय द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जीआरपी थाना अकबरपुर का किया गया अर्धवार्षिक निरीक्षण, थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क मालखाना, रेलवे स्टेशन आदि का निरीक्षण करके ट्रेन में स्कॉर्ट ड्यूटी को लेकर समस्त कर्मचारियों के साथ मीटिंग कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

पुलिस उपाधीक्षक रेलवे लखनऊ विकास कुमार पाण्डेय द्वारा थाना जीआरपी अकबरपुर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान सलामी लेकर थाना जीआरपी अकबरपुर के कार्यालय,मालखाना,बन्दीगृह, रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों/सर्कुलेटिंग एरिया,महिला हेल्प डेस्क,कर्मचारी बैरक,मेस आदि का भौतिक निरीक्षण कर साफ-सफाई को देखा गया जो सन्तोषजनक पाई गई, महोदय द्वारा कार्यालय के अभिलेखों/रजिस्टरों के रख-रखाव तथा सरकारी शस्त्रों के हैंण्डिलिंग तथा कल पुर्जों के बारें में कर्मचारियों से पूछा गया और आवश्यक निर्देश दिये गये । नियुक्त उपनिरीक्षकगण एवम जवानों की गोष्ठी/सम्मेलन कर उनकी समस्यायों के निराकरण के साथ साथ सभी से अच्छी वर्दी धारण करने, सेवाभाव से अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवम सतर्क रहते हुए ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया गया। थाने पर लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई और सभी मामलों में सुसंगत साक्ष्यों का समावेश करते हुए निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। रेल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर सभी महत्वपूर्ण रात्रिकालीन ट्रेन में एस्कोर्ट की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों के साथ प्लेटफार्म, वेटिंग रूम, रिटायरिंग रूम और सर्कुलेटिंग एरिया का भ्रमण किया गया।

अखिलेश यादव पार्टी के मालिक हैं, जिसे चाहे उसे लड़ाएं : एसटी हसन

लखनऊ, चसं। लोकसभा चुनाव के पहले सपा में मुरादाबाद सीट को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद समाजवादी पार्टी ने एसटी हसन का टिकट का दिया है। पार्टी ने रुचि वीरा को रामपुर से प्रत्याशी घोषित किया है। ैज् हसन का नामांकन पत्र रद्द हो गया है। इसे लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी अखिलेश यादव हमारे नेता है, उन्होंने कुछ सोच समझ कर ही फैसला लिया होगा।उन्होंने एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हमे कुछ भी नहीं पता नहीं कि टिकट क्यों काटा गया है। उन्होंने कहा कि आजम खा और अखिलेश यादव हमारे नेता है। हमने हमेशा नफरत की राजनीति के खिलाफ अवाज उठाई है। इस आवज को बुलंद करते हैं, हसन ने कहा कि टिकट मिलना न मिला कोई फर्क नहीं पड़ता है, हमारी जो विचारधारा है उसके साथ हम आगे बढ़ेंगे। अब रुचि वीरा समाजवादी पार्टी से ही उम्मीदवार हैं। बताया जा रहा है कि आजम खान किसी भी कीमत पर रुचि वीरा को मुरादाबाद से चुनाव लड़ाना चाहते थे।

जन्म लेने वाले के लिए मृत्यु उसी प्रकार निश्चित है, जितना कि मरने वाले के लिए जन्म लेना। इसलिए इस विषय पर शोक मनाना व्यर्थ है, जो इंसान किसी की कमी को पूरी करता है वो सही अर्थों में महान होता है : गीता

संपादकीय

जलवायु परिवर्तन व पर्यावरणमित्र विकास

लोकसभा के चुनाव सिर पर हैं। राजनीतिक दल अपनी-अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार मतदाताओं से वादे कर रहे हैं, किंतु ज्यादातर वादे लोकलुभावन किस्म के ही होते हैं जिनमें दीर्घकालीन जनहित का अभाव देखने को मिलता है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में विशेषकर हिमालय और आम तौर पर पूरा देश ही संकटग्रस्त होने की स्थिति में आ गया है। बाढ़, सूखा, असमय बारिश, बर्फ बारी का कम होते जाना, ग्लेशियरों का तेज गति से पिघलना जैसे लक्षण तेज गति से फैलते जा रहे हैं। परिणामस्वरूप कई किस्म की प्राकृतिक आपदाओं से सामना करना पड़ रहा है। बाढ़-सूखा के अतिरिक्त हिमालय में भूस्खलनों से जनधन की भारी तबाही हो रही है। गत बरसात में हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर भारी तबाही के शिकार हुए हैं। ढांचागत विकास कार्यों में हिमालय की नाजुक पारिस्थिकी के अनुरूप वैकल्पिक विकास नीति और मॉडल के अभाव में प्राकृतिक प्रकोप की घटनाएं बढ़ भी रही हैं और उनसे होने वाली हानि की मात्रा भी बढ़ रही है। ये जो जलवायु परिवर्तन से होने वाली हानियां हैं, ये खुद बीमारी नहीं बल्कि बीमारी के लक्षण हैं। असल बीमारी तो जलवायु परिवर्तन को प्रेरित करने और बढ़ाने वाले काम हैं, जिनमें मुख्य रूप से ऊर्जा के लिए बढ़ती मांग और ऊर्जा उत्पादन के 'हरित प्रभाव' गैसों का उत्सर्जन करने वाले तरीके हैं। बहुत से औद्योगिक अपशिष्ट भी इस समस्या को बढ़ाने का काम करते हैं। हमारे देश में इस समय कुल बिजली उत्पादन क्षमता 428 गीगावाट है, जिसमें से 71 फीसदी बिजली ताप बिजलीघरों द्वारा बनाई जा रही है, जिनमें टरबाइन चलाने के लिए भाप बनाने के लिए पत्थर के कोयले का प्रयोग किया जाता है। कुछ संयंत्र डीजल और प्राकृतिक गैस से भी चलते हैं। इनसे बहुत हानिकारक 'हरित प्रभाव' पैदा करने वाली गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे वैश्विक तापमान में वृद्धि होती है। यही तापमान में वृद्धि जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारक है। वातावरण में हरित प्रभाव पैदा करने वाली कार्बन डाईआक्साइड आदि गैसों का उत्सर्जन करने वाली सभी गतिविधियां जलवायु परिवर्तन में कारक की भूमिका निभाती हैं। फिर चाहे जंगलों में लग रही या लगाई जा रही आग हो या गली मुहल्ले में जगह जगह जलाया जा रहा प्लास्टिक कचरा हो, हमारी पृथ्वी के जलवायु में बदलाव के गुनाहगार बन जाते हैं। लेकिन मुख्य गुनाहगार तो ताप बिजली ही है। इसलिए जरूरी है कि ताप बिजली उत्पादन की जगह नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाया जाए और बिजली पर निर्भरता को कम करने के उपाय किए जाएं। बिजली पर निर्भरता कम करने के लिए हमें पारंपरिक ऊर्जा साधनों को भी उपयोग में लाना चाहिए। मानव ऊर्जा, पशु शक्ति का उपयोग भी बढ़ाया जाना चाहिए। कृषि क्षेत्र में बैलों से कृषि पर सब्सिडी दी जाए और छोटे पॉवर टिलर पर सब्सिडी कम की जाए तो बैलों से कृषि को प्रोत्साहित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त बैल चालित कृषि उपकरणों के निर्माण से बैलों से कृषि को सुगम बनाने पर काम होना चाहिए। 2016 में पैरिस एग्रीमेंट के अंतर्गत देशों ने स्वघोषित उत्सर्जन कटौती के वादे किए थे, जिसमें भारत ने 2030 तक 50 प्रतिशत बिजली उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा से करने का वादा किया था। फिलहाल देश में 168.96 गीगावाट बिजली ही नवीकरणीय ऊर्जा से पैदा की जा रही है। हालांकि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य रखा गया है, किंतु जिस गति से कार्य हो रहा है उससे लक्ष्य का पूरा होना कहां तक संभव होगा, यह समय ही बताएगा।

चुनाव में भाषा का संयम व वचनों की मर्यादा जरूरी

निश्चित रूप से मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता। जो बड़ा तबका निकलता भी है वह भी धर्म, जाति, क्षेत्र और धनबल से रचे सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पाता। विशेषतः दक्षिण भारत की राजनीति में भाषा को राजनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। तमिलनाडु के नेता इसी भाषाई आग्रह के साथ कब और क्या बोल दें, यह कोई नहीं जानता। इससे समस्याएं पैदा हो जाती हैं। ऐसे ही कुछ मामलों की चर्चा आज भी होती है। इसी क ?ी में चुनाव प्रचार के दौरान एक नेता की टिप्पणी चर्चा का विषय बनी हुई है। इस तरह के बयानों से बना बनाया खेल बिगड़ जाता है और निजी छवि भी धूमिल हो जाती है।

लोकसभा चुनावों जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, कई नेताओं की जुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी जिंदगियों में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बोल बोल रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि राष्ट्र तोड़क है। चुनावी रैलियों में जनता के सामने अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचा दिखाने के मकसद से ये नेता मर्यादा, शालीनता और नैतिकता की रेखाएं पार करते नजर आए हैं। गलत का विरोध खुलकर हो, राष्ट्र-निर्माण के लिये अपनी बात कही जाये, अपने चुनावी मुद्दों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाये, लेकिन गलत, उच्छृंखल एवं अनुशासनहीन बयानों की राजनीति से बचना चाहिए। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? चुनाव की तारीख तय होने एवं चुनावी पारा बढ़ने के बाद नेताओं के बयानों में तीखापन एवं हल्कापन आ गया है। एक तरफ गर्मी चुभन का अहसास करा रही है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है। नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रही है। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे' को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप भाजपा के लिये रामबाण औषधि बना है।

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान बना है। ईवीएम के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी के लिए निर्वाचन आयोग से उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जा रही है और कहा जा रहा है कि तथ्यों के सत्यापन के बिना इस तरह का 'दुष्प्रचार और गलत सूचना' राष्ट्रीय अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए नुकसानदायक है। ईवीएम और निर्वाचन आयोग के बारे में भ्रामक टिप्पणी 'लोक अव्यवस्था पैदा करने के इरादे' से की गई हैं। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के चरण आगे बढ़ रहे हैं, विवादास्पद बयानों की झड़ी भी लगने

लगी। हमारे देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल-बयान एक महत्वपूर्ण अंग होती है। लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। आजादी के बाद देश में जिस प्रकार राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज कुछ राजनीतिक दलों के नेता अपने विपक्षी राजनेता को 'पप्पू' जैसे शब्दों से ताना मारते हैं, तो कोई विपक्षी नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये चौकीदार चोर है या चायवाला जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्या हमारे देश की राजनीति में मर्यादा नाम का कोई शब्द बचा है? ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। भारतीय राजनीति में स्तरहीन, हल्की और सस्ती बातें कहने का चलन काफी समय से है। लेकिन पिछले दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। लेकिन सबसे ज्यादा हल्की बात कहते हैं मणिशंकर अय्यर। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए बहुत ही सस्ते शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने तो नीच, कातिल जैसे शब्दों का खुलेआम इस्तेमाल किया था जिसमें उनकी हताशा साफ झलकती है। कड़वे एवं गलत बयानी के मामले में कांग्रेसियों की तो सूची काफी लंबी है। चाहे वह अधीर रंजन हों या दिग्विजय सिंह या फिर संजय निरुपम और प्रियंका गांधी। आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने तो सारी हदें पार कर दी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने ईवीएम की निंदा 'चोर' के रूप में की थी। सभी ने मौका देखकर बेहद हल्के शब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे उनकी खीझ एवं बौखलाहट का पता चलता है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि मोदी और उनकी पार्टी ने ऐसे अमर्यादित शब्दों और टिप्पणियों को अपने लाभ के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने करोड़ों समर्थकों के सामने इन शब्दों और उन्हें बोलने वालों के खिलाफ माहौल बना दिया। नरेन्द्र मोदी को चाय वाला कहकर उनका उपहास उड़ाने वाले विपक्षियों को तो उन्होंने अपने कार्यों और उपलब्धियों से आईना दिखा दिया। आज चाय वाला शब्द मेहनतकश लोगों के सम्मान का प्रतीक बन गया है। मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। क्षणिक रोमांच एवं तत्काल चुनावी लाभ के लिए मर्यादा को तार-तार करने वाले इन नेताओं को आत्म-चिंतन की सख्त जरूरत है। मर्यादित भाषा में विभिन्न दलों और नेताओं की आलोचना इस देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबसूरती है। भाषा की मर्यादा और वाणी में संयम भारत के लोकतंत्र का आधार है। बेलगाम भाषा से क्षणिक प्रचार और सुर्खियां बटोरना सम्भव है लेकिन अतीत में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जो ये दर्शाते हैं कि ऐसे नेताओं को जनता भी कुछ समय बाद ही भूल जाती है। नेताओं को हर हालत में भाषा की मर्यादा एवं शालीनता को बनाए रखना चाहिए। भले ही चुनाव का वक्त आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है और खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन यह सब करते हुए भाषा की शालीनता एवं कड़वे बोल से बचने की जरूरत है। यह वक्त मतदाता के जागने एवं विवेक से मतदान करने का भी है। वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। विडंबना ही है कि अमृतकाल से गुजरते देश में मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग विष और अमृत के भेद को पूरी तरह महसूस नहीं कर पाया है। नेताओं के गलत, बेबुनियाद एवं तथ्यहीन बयानों कर सत्यता को जाने बिना उन पर विश्वास कर मतदाता लोकतंत्र को कमजोर करता है। भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बढ़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। **:: एजेंसी**

जल संसाधनों के कुप्रबंधन से हो रही परेशानी

बाईस मार्च को विश्व जल दिवस मनाया गया। ताजा खबरों के अनुसार इस समय दुनिया में बढ़ता जल संकट वैश्विक स्तर पर तनाव और अस्थिरता में बढ़ोतरी कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस के मौके पर जारी एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी है। यूएन की ओर से जारी रिपोर्ट 'यूएन वर्ल्ड वॉटर डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024' की थीम 'शांति और समृद्धि के लिए जल जरूरी' रखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता दुनिया में शांति के लिए जरूरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में फिलहाल करीब एक चौथाई मानवता यानी 2.2 अरब लोगों की पहुंच स्वच्छ पेयजल तक नहीं है और 3.5 अरब लोग स्वच्छ और साफ स्थितियों में जीवनयापन नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जल संकट का पहला शिकार बालिकाएं और महिलाएं होती हैं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाएं, क्योंकि परिवार के लिए पानी लाने और संग्रह करने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से उन्हीं पर होती है। रिपोर्ट के अनुसार, लड़कियों को अस्वच्छ हालात में दिन के कई घंटे पानी लाने और ले जाने में बिताने पड़ते हैं। इस कारण उनका स्कूल छूट जाता है। इसे रोकना चाहिए। जल उपलब्धता में कमी के कारण दुनिया में अराजकता के हालात पैदा हो रहे हैं। जल की कमी दुनिया भर में पलायन का प्रमुख कारण है और विस्थापित लोग जिन स्थानों पर बसते हैं वहां संसाधनों पर दबाव पड़ता है। यूएन की रिपोर्ट में सोमालिया में एक अध्ययन का हवाला दिया गया है जिसमें विस्थापित लोगों के एक समूह के खिलाफ महिला उत्पीडन् और हिंसा में 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में कम से कम 10 प्रतिशत वैश्विक पलायन जल संकट से जुड़ा हुआ है। अब जबकि दुनिया में जलवायु से जुड़ी अनियमितताएं बढ़ रही हैं, इससे जुड़ा पलायन भी बढना तय है।

रिपोर्ट के अनुसार, जल संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब देश हैं, जिनके लिए जलवायु परिवर्तन से अनुकूलन के समुचित साधन नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीब देशों में 80 फीसदी नौकरियां पानी पर निर्भर होती हैं, क्योंकि यहां रोजगार सेक्टर की निर्भरता कृषि पर होती है। जबकि विकसित देशों में रोजगार की पानी पर निर्भरता 50 फीसदी ही होती है। ऐसे में गरीब देशों में जल संकट से समूची अर्थव्यवस्था में संकट और तनाव खड़ा हो जाता है, जो कि दुनिया में अस्थिरता का कारण बनता है। बढ़ती जनसंख्या और पानी की अधिक खपत की प्रवृत्तियों पर गहराई से नजर डालें तो तो यह पता चल सकता है कि 1900 से वैश्विक तौर पर ताजे जल की खपत छह गुना क्यों बढ़ गई है? ताजे जल की निश्चित मात्रा की बढ़ती मांग से पानी से जुड़े कई विवाद पैदा हो रहे हैं। लेकिन अधिकतर जल संबंधी समस्याएं स्थानीय हैं,

पानी आवश्यकता ही नहीं, हमारे प्राणों से जुड़ा है। इसके लिए हम सबकी पहल जरूरी है, अन्यथा आने वाले समय में क्या देश और क्या दुनिया, सभी को प्यासे ही गुजर-बसर करना होगा। जल ही जीवन है। जल के बिना कल की कल्पना नहीं की जा सकती। जल संरक्षण, वॉटर रिजार्च और जन जागरूकता ही विकल्प हैं। लोगों की भागीदारी के बिना यह संभव नहीं है। बाईस मार्च को विश्व जल दिवस मनाया गया। ताजा खबरों के अनुसार इस समय दुनिया में बढ़ता जल संकट वैश्विक स्तर पर तनाव और अस्थिरता में बढ़ोतरी कर रहा है।

वैश्विक नहीं। अपने देश में भी गर्मी के मौसम से पहले भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में भंडारण क्षमता उनकी कुल क्षमता का केवल 38 प्रतिशत है, जो पिछले दशक की इसी अवधि के औसत से कम है। बेंगलुरू जैसे शहर पहले से ही 2600 मिलियन (दस लाख) लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) की मांग के मुकाबले लगभग 500 एमएलडी पानी की कमी से जूझ रहे हैं। साल 1947 में जब भारत स्वतंत्र हुआ था, तो प्रति व्यक्ति 5000 क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध था। साल 2021 से 2031 के बीच यह 1486 से गिरकर 1367 क्यूबिक मीटर हो जाएगा। इसका अर्थ यह है कि ऐसी कम उपलब्धता के साथ हम पानी के संकट में हैं। चिंताजनक यह भी है कि जितना कम पानी उपलब्ध होगा, उतना ही वह प्रदूषित भी होता चला जाएगा। हमें 4000 अरब क्यूबिक मीटर पानी जो बारिश की कृपा से मिलता है, उसका हम मात्र 1100 क्यूबिक मीटर ही उपयोग में ला पाते हैं। अपने देश में 70 फीसदी पानी उपयोग के लिए अयोग्य पाया गया है। यही कारण है कि बोतलबंद पानी का व्यापार लगातार बढ़ता जा रहा है। ध्यान रहे, एक लीटर पानी की बोतल के पीछे तीन लीटर पानी खराब होता है और बोतलें प्लास्टिक प्रदूषण भी पैदा कर रही हैं। इस समय धरती पर पानी का संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। इसकी चपेट में भारत समेत दुनिया के कई देश हैं। भारत में ऐसे शहर हैं, जहां पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। इन पांच शहरों में दिल्ली, राजस्थान का जयपुर, पंजाब का बठिंडा, मुंबई और चेन्नई शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जल संकट एक राष्ट्रव्यापी मुद्दा है। भारत में दुनिया की आबादी का 18 प्रतिशत है, लेकिन जल संसाधन केवल 4 फीसदी हैं। भारत का जो मुख्य जल भंडार है, वह इस वक्त पांच साल में अपने सबसे निचले स्तर पर है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक 40 फीसदी भारतीयों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं होगा। लगभग 600 मिलियन भारतीय पहले से ही गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में चिंताजनक भूजल उपलब्धता वाले 21 शहरों का उल्लेख किया गया है। इसमें दिल्ली, गुरुग्राम, गांधीनगर, जयपुर, चेन्नई, हैदराबाद, आगरा, इंदौर, अमृतसर, वेल्लोर, चेन्नई व लुधियाना शामिल हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली की आबादी 2.4 करोड़ है। यहां 600 मिमी प्रति मिनट वर्षा होती है, जो जरूरत से काफी कम है। दिल्ली 50 फीसदी पानी की जरूरतों के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब पर निर्भर है। अगर इन राज्यों ने इनकार कर दिया तो दिल्ली बर्बादी के कगार पर पहुंच जाएगी। इसी तरह मुंबई समुद्र के किनारे बसा है। यहां भारी मात्रा में बारिश होती है। मुंबई अच्छे जल संसाधनों से समृद्ध है, लेकिन तेजी से हो रहे शहरीकरण और जनसंख्या विस्फोट के सामने जल संसाधन प्रबंधन प्रभावी नहीं हैं। इसलिए आने वाले समय में यहां भी पानी की किल्लत हो सकती है। और तो और, भले ही पंजाब में पांच नदियां हैं, लेकिन इसकी कृषि जल खपत वॉटर रिचार्ज की तुलना में बहुत अधिक है। नीति आयोग की रिपोर्ट में पंजाब के कई शहरों पर जल संकट का खतरा बताया गया है। इसे जांचना होगा। पानी की कमी एक मानव निर्मित आपदा है, इसलिए जल संसाधन के कुप्रबंधन को ठीक करना जरूरी है। **:: एजेंसी**

खेती पर तपिश

सच है कि ग्लोबल वॉर्मिंग ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक दे दी है। जिस गति से पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, वह आम आदमी के लिये तो कष्टकारी है ही, किसान के लिये संकट ज्यादा बढ़ा है। इसका सीधा असर खेतों की उत्पादकता पर पड़ रहा है। जिसके मुकाबले के लिये सुनियोजित तैयारी की जरूरत है। किसानों को उन वैकल्पिक फसलों के बारे में सोचना होगा, जो कम पानी व

अधिक ताप के बावजूद बेहतर उत्पादन दे सकें। अन्न उत्पादकों को धरती के तापमान से उत्पन्न खतरों के प्रति सचेत करने की जरूरत है, यदि समय रहते ऐसा नहीं होता तो मान लीजिए कि हम आसन्न संकट की अनदेखी कर रहे हैं। यह मसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह मुद्दा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की खाद्य शृंखला से भी जुड़ा है। यानी गाहे-बगाहे इस संकट की जद में देश का हर नागरिक आएगा। दरअसल, दुनिया के तापमान पर निगाह रखने वाली वैश्विक संस्था डब्ल्यू.एम.ओ की वह रिपोर्ट चिंता बढ़ा रही है जिसमें कहा गया है कि पिछले एक दशक में पृथ्वी का तापमान कमोबेश औसत तापमान से अधिक ही रहा है।

फिक्र की बात यह है कि इसके मौजूदा साल में और अधिक रहने की आशंका जतायी जा रही है। यह वैज्ञानिक सत्य है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि से पूरी दुनिया का मौसम चक्र गहरे तक प्रभावित होता है। देर-सबेर इससे मनुष्य जीवन का हर पहलू प्रभावित होगा। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में ग्लोबल वॉर्मिंग संकट के चलते पूरी दुनिया में यह कह पाना कठिन है कि कहां अप्रत्याशित बारिश होगी और कहां कष्टकारी तापमान बढ़ेगा। लेकिन इसके बावजूद विकसित देशों की सरकारें इस गंभीर संकट के प्रति सचेत नजर नहीं आती। ऐसे में आशंका जतायी जा रही है कि इस सदी के मध्य तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ सकता है। जो मानव जीवन चक्र व फसलों के लिये घातक साबित हो सकता है। यह सर्वविदित है कि दुनिया के बड़े राष्ट्र कार्बन उत्सर्जन को कम करने तथा जीवाश्म ईंधन पर रोक लगाने के लिये प्रतिबद्ध नजर नहीं आ रहे हैं। पूरी दुनिया में बड़े राष्ट्र विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी से दोहन करने में लगे हैं। वे इस बात को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं कि आज दुनिया में औद्योगिकीकरण से पहले के समय के मुकाबले विश्व का तापमान निर्धारित सीमा को पार कर चुका है। जो हमारे लिये एक खतरे की घंटी जैसा है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि हम मौसमी बदलाव के अनुकूल खुद को उसी अनुपात में तेजी से ढाल नहीं पा रहे हैं।

दरअसल, हमें मौसम के व्यवहार में तेजी से हो रहे बदलाव के अनुरूप अपनी खेती के पैटर्न में भी बदलाव की जरूरत है। उन परंपरागत फसलों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है जो कम बारिश व अधिक तापमान में ठीक-ठाक उपज देने में सक्षम हैं। एक समय भारत में बड़े भू-भाग में हम मोटे अनाज का उत्पादन करते थे, जो कम बारिश में भी बेहतर फसल दे सकता था। लेकिन कालांतर हमने अधिक सिंचाई वाली फसलों का उत्पादन व्यावसायिक स्तर पर करना तेजी से शुरू कर दिया। मौसम में बदलाव का असर खाद्यान्न ही नहीं, सब्जियों, फल-फूलों पर भी गहरे तक पड़ रहा है। ऐसे में सिर्फकागजी कार्रवाई के बजाय धरातल पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। हमारे कृषि विश्वविद्यालयों को फसलों के नई किस्म के बीज तैयार करने होंगे, जो किसानों को संबल देने के साथ ही हमारी खाद्य सुरक्षा चेन को सुरक्षित बना सकें। साथ ही हमें कार्बन उत्सर्जन के स्रोतों पर भी अंकुश लगाना होगा। हमें मीथेन उत्सर्जन के स्रोतों पर भी नियंत्रण करना होगा क्योंकि भारत चीन के बाद मीथेन उत्सर्जन में दूसरे नंबर पर है। साथ ही पशुधन का संरक्षण भी अनिवार्य होगा।

वरूण फैक्टर को लेकर भाजपा में असमंजस

देश के प्रथम राजनैतिक परिवार के एक सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के सांसद वरूण गांधी को लेकर इन दिनों कयास और असमंजस का दौर जारी है। दरअसल पीलीभीत लोकसभा का पिछले दो बार से प्रतिनिधित्व करने वाले वरूण का टिकट इस बार भाजपा ने काट दिया है। उनकी मां मेनका गांधी का सुलतानपुर का टिकट बरकरार रखा है जहां की वे पहले से सांसद हैं। पहले मेनका पीलीभीत की नुमाइंदा हुआ करती थीं परन्तु 2009 में उन्होंने वह सीट अपने बेटे को सौप दी। चार लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज कर गांधी परिवार से अलग हो चुके एक अन्य सदस्य ने अपना तूफानी आगाज किया था।

याद हो कि इंदिरा गांधी के एक तरह से तयशुदा वारिस माने जाने वाले दूसरे पुत्र संजय गांधी की आपातकाल के दौरान एक जहाज दुर्घटना में जब मौत हो गयी थी तो बड़े बेटे राजीव पायलेट की नौकरी छोड़कर राजनीति में आये थे। पारिवारिक मतभेदों के कारण मेनका अपने पुत्र के साथ अलग रहने लगी थी। पले जनता दल व बाद में वे भाजपा में आ गयीं। विश्वनाथ प्रताप सिंह एवं अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में वे मंत्री भी बनीं। उन्होंने कई सीटों पर हार-जीत दोनों का ही स्वाद चखा। नरेन्द्र मोदी की 2014 में बनी सरकार में भी मेनका मंत्री बनीं लेकिन दूसरी बार (2019) में पुनरू निर्वाचित होने के बावजूद उन्हें यह मौका नहीं मिला। इस साल के चुनाव प्रचार में वरूण के उग्र बयानों से उम्मीद थी कि उन्हें या वरूण को

वर्तमान सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के लिये राहुल के मुकाबले वरूण कहीं बड़ी चुनौती होंगे। यह अलग बात है कि मेनका गांधी ने 1982 में सक्रिय राजनीति में आने के बाद इसी सीट पर अपना पहला चुनाव अपने जेठ राजीव गांधी के खिलाफलड़ा था परन्तु वे बुरी तरह पराजित हुई थीं। वैसे तब से अब तक का सियासी परिदृश्य काफी बदल चुका है।

महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मोदी-2 सरकार में मिल सकती है लेकिन ऐसा न हुआ। इतना ही नहीं, जब वरूण ने पिछले कुछ समय में अपने बयानों को संयमित एवं सर्वस्पर्शी बनाना शुरू किया तो भाजपा नेतृत्व के कान खड़े हो गये। विशेषकर उन्होंने शासकीय सुविधाएं अल्पसंख्यकों समेत सभी वर्गों तक पहुंचाने की जरूरत बतलाई। उन्होंने लखीमपुर खीरी में किसानों को एक केन्द्रीय राज्यमंत्री के पुत्र द्वारा कुचले जाने की भी आलोचना की जिसमें करीब आधा दर्जन किसान मारे गये थे। वरूण लेखन भी करते हैं। उन्होंने एक लेख में शासकीय योजनाओं की असफलताओं पर भी लेख लिखा जिसके कारण केन्द्र सरकार की फजीहत हुई थी। इसी से आभास हो गया था कि मां-बेटे पर संकट आ सकता है। ऐसा ही हुआ जब बारम्बार मंत्रिमंडल के विस्तार या उसमें फेरबदल के बावजूद दोनों में से किसी को भी स्थान नहीं मिला। उल्टे, सांगठनिक फेरबदल के अंतर्गत मेनका को राष्ट्रीय कार्यकारिणी से भी निकाल बाहर किया गया। अंदेशा तो यहां तक था कि दोनों के टिकट कट सकते हैं तथा पीलीभीत व सुलतानपुर सीटों से अन्य प्रत्याशी आजमाये जायेंगे। यह आशंका आधी खरी उतरी। मेनका की सीट तो परिवार ने बचा ली लेकिन वरूण की जगह पर दूसरे को उतारा गया। सियासी पेंच यहीं से शुरू होता है। कयासों एवं अनुमानों की गुंजाइशें भी यहीं से खुलती हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने पहले ही कह दिया कि अगर वरूण अपनी सीट से लड़ते हैं, या किसी भी सीट से तो सपा उन्हें समर्थन देगी। अगर उनकी चाही किसी सीट पर उम्मीदवार भी घोषित हो गया हो तो वह खाली करा दी जायेगी। वरूण-मेनका को लेकर अनुमान थे कि यदि उन्हें टिकटें न मिलीं तो दोनों पार्टी छोड़ सकते हैं। अब वह स्थिति तो भाजपा हाईकमान ने टाल दी है लेकिन वरूण के निर्दलीय चुनाव लड़ने से लेकर सपा या कांग्रेस में जाने तक के विकल्प खुले हैं। हालांकि अब साफहै कि वे अपनी मां की स्थिति को खराब नहीं करेंगे क्योंकि उनके ऐसे कदम से मेनका की जीत की सम्भावना भीतरघात से धूमिल हो सकती है। हालांकि एक-एक सीट के लिये तरसते मोदी, जो तीसरी मर्तबा पीएम बनने का सपना संजोये हुए हैं, ऐसा नहीं होने देंगे लेकिन स्थानीय नेतृत्व या कार्यकर्ता क्या कर सकते हैं, भला इसकी गारंटी कौन ले सकता है? वैसे कोई शक नहीं कि मेनका की इतनी लोकप्रियता तो है कि पार्टी के सम्भावित अंदरूनी विरोध के बाद भी वे अपने दम जीत सकती हैं। तो भी माना जा रहा है कि पुत्र की ओर से ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाया जायेगा जो मां को अड़चन में डाले। अब बात रहती है कि क्या वे निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे, तो यह भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि वे अमेठी से चुनाव लड़ सकते हैं। बात तो कांग्रेस के राहुल गांधी के भी वहां से लड़ने की होती रही है, पर साफहै कि जब देश ऐसे नाजुक मोड़ पर खड़ा है जिसमें राहुल की संसद में मौजूदगी बहुत जरूरी है, तो वे अपनी सुरक्षित सीट वायनाड (केरल) के ही जरिये आएंगे। **:: चर्चित डेस्क**

आज का राशिफल

मेषः- महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्यों में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

वृषः- परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं।

मिथुनः- मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित रहेगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी। आलस्य का त्याग करें।

कर्कः- विभागीय परिवर्तनों से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा।

सिंहः- राजनीतिक क्षेत्र के लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कार्यो के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

कन्याः- भावनात्मक समस्याओं पर संबंधों में खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यो को कल पर न टालें। परिवार में किसी मेहमान के आगमन से व्यय सं

जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम बनाये जाने के लिए मंडी परिसर का किया निरीक्षण

अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग की अध्यक्षता में समिति गठित करने के दिये निर्देश

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम बनाये जाने हेतु मंडी परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडी परिसर में सफाई करायी जाये। प्रवेश द्वार पर 10 पाईप लगाए जाएं ताकि जानवर अंदर प्रवेश न कर सकें। शेडों की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा किया जाये।

उन्होंने स्ट्रांग रूम हेतु चिन्हित दुकाने देखी और निर्देशित किया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाये जो समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला सलाहकार समिति की बैठक : हरदोई जिले के स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सीडी रेशियो को बेहतर बनाने के गंभीरता से प्रयास किये जाएं। ऋण योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया जाये।

केसीसी धारकों को ऋण प्राप्त करने में पूरी सहायता की जाये। उन्होंने कहा कि लघु व दीर्घ अवधि के कृषि ऋण आवेदनों का प्रथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाये। चुनाव आचार संहिता के दौरान बैंको की ओर से एक लाख रूपये से अधिक के लेन-देन की जानकारी दी जाये। आरटीजीएस से संदिग्ध धनराशि हस्तान्तरण की जानकारी उपलब्ध करायी जाये। सूचना न देने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, एलडीएम अरविन्द रंजन व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक दलों की बैठक

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आचार संहिता का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाये।

निजी संपत्ति पर बिना स्वामी के प्रचार सामग्री न लगायी जाये। नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पूर्व तक नाम बढ़ाने हेतु आवेदन अवश्य कर दिया जाये। उन्होंने बताया कि चुनावी कार्यक्रमों हेतु प्रत्येक विधानसभा में स्थानों का चिन्हीकरण कर लिया गया है। मतदान केन्द्रो पर साफ सफाई का कार्य कराया जा रहा है। महिलाओं, दिव्यांगों, युवाओं को समर्पित बूथ बनाये जा रहे हैं। नगर क्षेत्रों में सभी बूथों को आदर्श बूथ बनाये जा रहे हैं। एफएसटी टीमे सक्रिय हैं। नामांकन के साथ एसएसटी टीमें भी सक्रिय हो जाएंगी। सभी लोग सी विजिल ऐप डाऊनलोड कर लें। इस पर आचार संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी कोई शिकायत की जा सकती है।

जिलाधिकारी ने पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिए कि मतदान केन्द्रो तक जाने वाले ख़राब मार्गो की मरम्मत ससमय करा ली जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह सूचना अधिकारी संतोष कुमार अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

टेंट कारोबारी के घर चोरों ने दी दस्तक लाखों के जेवर और नगदी की पार

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। टेंट कारोबारी के बाहर रहते हुए उसके घर में घुसे चोर वहां का कोना-कोना खंगाल कर ले गए। मामला कोतवाली देहात के प्रगतिनगर का बताया गया है। टेंट कारोबारी वैष्णों देवी के दर्शन करने गया हुआ था, उसकी पत्नी अपने बच्चो के साथ घर में अकेली थी। उसी बीच दीवार कूद कर उसके घर में घुसे चोर वहां से अलमारी में रखे लाखों के जेवर और अलग-अलग रखे करीब 57 हजार की नगदी,सारा कुछ समेट कर भाग निकले। घर वालों की आंख खुली और इधर-उधर बिखरा हुआ देख कर उन्हें सारा कुछ पता चल गया।

बताया गया है कि कोतवाली देहात के प्रगतिनगर निवासी अनुज गुप्ता पुत्र रामप्रकाश गुप्ता महोलिया शिवपार काली मंदिर के पास टेंट का कारोबार करता है। इन दिनों अनुज वैष्णो देवी के दर्शन करने गया हुआ है। घर में उसकी पत्नी पूनम दोनों बच्चों के साथ घर में थी। मंगलवार की रात को कुछ शातिर चोर मौका हाथ आते ही उसके घर में कूद पड़े। पूनम और उसके बच्चे कमरें में सो रहे थे। घर में दाखिल हुए चोर उसकी अलमारी में रखे सोने के जेवर जंजीर, मंगलसूत्र, दो अगूंठी और बच्चे के गले पहनने वाला ओम के साथ अलग-अलग रखी करीब 57 हजार की नगदी समेट कर भाग निकले। बताते है कि बुधवार की सुबह जब अनुज की पत्नी पूनम नींद से जागी,घर की बिगड़ी हुई तस्वीर देख कर उसे कुछ भी समझने में जरा भी देर नहीं लगी। टेंट कारोबारी के घर हुई चोरी का पता होते ही वहां लोंगों की भीड़ लग गई। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस ने छानबीन शुरु कर दी है।

दो दिन पहले ही टेंट कारोबारी ने पत्नी के लिए 34 हज़ार का मोबाइल खरीदा था। वह मोबाइल उसकी पत्नी के पास रहता है। पत्नी पूनम ने रोते हुए बताया कि अभी दो दिन पहले ही उसके पति ने इतना महंगा मोबाइल खरीद कर दिया था। मंगलवार की रात उसके घर में घुसे चोर उसे भी उठा ले गए। पुलिस सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

चोरों ने नगदी सहित ढाई लाख के जेवर पर किया हाथ साफ

शाहाबाद/हरदोई, चसं। कस्बे के मोहल्ला खत्ता जमाल खां में चोरों ने बीती रात एक मकान का ताला तोड़कर 55,000 की नगदी सहित लगभग ढाई लाख के जेवर चोरी कोतवाली पुलिस की रात्रि गस्त को चुनौती दी। पीड़ित द्वारा तहरीर दिए जाने के बाद भी चोरी का मौका मुआयना करने के लिए कोतवाली पुलिस की ओर से एक भी आरक्षी नहीं पहुंचा जिससे मोहल्ला वासियों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। कस्बे के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी रामासरे कश्यप ने बताया वह अपने साले की तबीयत खराब होने की सूचना पर परिवार सहित 26 मार्च की रात्रि में तकरीबन 8ः00 बजे घर में ताला डालकर शाहजहांपुर चला गया। सुबह मोहल्ले वालों के द्वारा सूचना मिली कि उसके दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। जब वह सूचना पाकर घर पहुंचा तो घर में उसका सारा सामान बिखरा पड़ा था।अज्ञात चोर उसके घर की पूरी तलाशी ले चुके थे। उसने देखा उसकी 55 हजार की नकदी, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोड़ी बिछुआ, एक सोने की चेन, एवं एक जोड़ी चांदी की भारी पायल चोर चोरी कर ले गए। उसने वारदात की लिखित सूचना सुबह ही कोतवाली पहुंचकर पुलिस को दी। लेकिन कोतवाली पुलिस की ओर से एक आरक्षी तक उसके यहां हुई वारदात का मौका मुआयना करने के लिए नहीं पहुंचा। पुलिस की लापरवाही की वजह से मोहल्ला वासियों में आक्रोश व्याप्त है।

वृंदावनमय हुई शाम, अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड ने आयोजित किया होली मिलन व सम्मान समारोह

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड ने होली मिलन व सम्मान समारोह आयोजित किया।वृंदावन से पधारे युगल जोड़ी सरकार (राधाकृष्ण) जी का भव्य स्वागत हुआ। देर शाम अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वावधान में होली मिलन उत्सव के साथ सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें बोर्ड के सभी सदस्यों, पदाधिकारियों को वृंदावन से आये हुये पटके पहनाकर व राधा कृष्ण के नाम के सांचो से तिलक, चंदन लगाकर सम्मानित किया गया। बोर्ड की राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीता पांडेय एवं पदाधिकारी गणों द्वारा वृंदावन से आई युगल जोड़ी सरकार का धूमधाम से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बोर्ड के सरंक्षक अमित बाजपेयी व अरविंद पांडेय द्वारा श्री राधा कृष्ण की युगल जोड़ी सरकार की पूजा अर्चना करके की गई। स्थानीय कलाकारों द्वारा बरसाने की होली,मयूर नृत्य,फूलों की होली व विभिन्न विशेष प्रस्तुतियां दी गई जो आकर्षण का केंद्र रहीं।

बोर्ड की सभी सक्रिय महिला पदाधिकारी गणों व सदस्यो को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा बरसाने से लायी गयी राधा रानी चुन्नी पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सुमित श्रीवास्तव भानु ने किया व उनके द्वारा बोर्ड के सभी वरिष्ठ पुरुष पदाधिकारियों व सदस्यों को पटका पहनाकर व तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों की श्रेणी में बोर्ड के सदस्यों में मुख्य रूप से गीतिका चतुर्वेदी, नीरज दीक्षित, सोहिनी दीक्षित,अवि पांडेय, कालिन्द्री वैश्य, लक्ष्मी मिश्रा, स्तुति सिंह, स्वाति सिंह, अमन कुमार गुप्ता, हर्षित मिश्रा, सेक्टर प्रभारी एएसवीवी भाजपा, सुनील सक्सेना, धर्मेन्द्र पाल, सन्दीप सक्सेना, मनीष शुक्ला, सुनील पन्त, शिवप्रकाश त्रिवेदी पत्रकार ,विनय मिश्रा, अरुण अवस्थी, धीरज दीक्षित, विमलेश दीक्षित, मनोज गुप्ता, सुधांशु रंजन श्रीवास्तव, सुचित्रा मिश्रा आदि सैकड़ो की संख्या में सदस्य विशेष रुप से उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के होली मिलन समारोह में गूंजे हनुमान चालीसा के स्वर

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। होली के शुभ अवसर पर आयोजित पैतालीसवे मंगलपाठ में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने होली मिलन के साथ भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरो में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ कर माहौल को हनुमान मय बना दिया।

श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री बैजनाथ धाम मंदिर सराय थोक, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को होली मिलन के साथ भक्ति पूर्ण बना दिया।

महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में सांय 4 बजे सराय थोक हरदोई के श्री बैजनाथ धाम मंदिर पर आयोजित होली मिलन के अवसर पर बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा,राम स्तुति ,बजरंग बाण व आरती के साथ बजरंगबली जी का पूजन किया।महिला जिला प्रमुख विनीता पांडेय ने योग के माध्यम से लोगो को व्याधियों से दूर रहकर सशक्त उन्नत विकसित राष्ट्र के निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सनातन राष्ट्र तभी संभव है जब हर घर में हनुमान चालीसा पाठ के स्वर गूंजे। इस मौके पर शाहाबाद से ममता गुप्ता,रेखा गुप्ता, सेजल गुप्ता,अंबुज गुप्ता,व्योम गुप्ता, शुभम पांडे, हरदोई से सहसंयोजक बहने रानी शुक्ला,अनीता मिश्रा, सुधा सुधा गुप्ता,आरती गुप्ता आदि ने सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में सांय 6 बजे कांशीराम कालोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगो ने काफी संख्या में भाग लेकर होली मिलन के साथ हनुमान चालीसा राम स्तुति ,बजरंग बाण आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया गया।इस मौके पर महिला युवा संगठन की पुष्पा श्रीवास्तव, कल्पना शर्मा,धीरज शर्मा, गीता शर्मा,अभिलाष श्रीवास्तव,उमाकांत त्रिवेदी,अनीता कटियार, अजय कटियार,अमन कटियार,विजय,पिंटू कश्यप,रिंकी सिंह,नैंसी, ज्योति सिंह,उत्तम सिंह, उत्कर्ष सिंह,राज शर्मा, रेशमा शर्मा,नितिन, सचिन,पूनम मिश्रा, संगीता,सरला गुप्ता आदि सदस्य शामिल रहे। रेलवेगंज प्रभारी विजय अग्रवाल के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज में हनुमान चालीसा का पाठ हुआ ग्राम काईमाऊ में युवा प्रभारी सुमित तिवारी के नेतृत्व में मंगल पाठ हुआ। मल्लावां में आकाश गुप्ता व वंश कटियार के नेतृत्व में काफी संख्या में मौजूद लोगो ने होली मिलन के साथ मंगल पाठ किया।

मीट विवाद में हुई फायरिंग तीन आरोपी गिरफ्तार

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। कस्बे के मोहल्ला वाजिद खेल में सोमवार को खराब मीट देने से उपजे विवाद में हुई फायरिंग की घटना में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

कस्बे के मोहल्ला महमंद निवासी अल्तमश पुत्र रिजवान रविवार को मोहल्ले में ही मीट लेने गया था।खराब मीट को लेकर दुकानदार और उसमे विवाद हुआ था विवाद में एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी गई थी।उसी विवाद में सोमवार को अल्तमश का चाचा सुहैल पुत्र इकबाल हुसैन खां बस स्टैंड फल लेने जा रहा था।होली का दिन होने के कारण मीट की दुकानें बंद थी तो मोहल्ला वाजिद खेल निवासी मीट व्यवसाई मोहल्ले की मोड़ पर बैठे थे तभी उन्हें सुहैल आता दिखाई दिया तो सबने उसे रोककर गाली गलौज करते हुए डंडे से मारा पीटा फिर तमंचों से कई फायर किए गोली लगने से वह घायल हो गया था।उक्त घटना में एसपी केशव चंद गोस्वामी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया कस्बे में हुई सोमवार को फायरिंग की घटना के आरोपियों की तलाश की जा रही थी 27 मार्च बुधवार को भोर से पहले मुखबिर की सूचना पर एसएसआई अमित सिंह,सरदार गंज चौकी प्रभारी घनश्याम बिंद,जमा मस्जिद चौकी प्रभारी अंगद सिंह आरक्षी श्याम सुंदर,विपिन कुमार,अंकित तोमर और शोभित कांत मिश्रा के साथ नीरपुर गन्नू मोड़ से नहर मार्ग से आरोपी आते दिखाई दिए जिन्हे घेराबंदी कर रिजवान उर्फ लाला पुत्र जुल्लन, नईम पुत्र जुल्लन निवासी वाजिद खेल तारिक पुत्र जलील निवासी महमंद को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक देशी अद्धी बंदूक 315बोर और एक 12 बोर का तमंचा बरामद हुआ।आरोपियों को जेल भेजा गया है।

संक्षिप्त समाचार

उधार पान मसाला न देने पर मारपीट कर किया घायल

शाहाबाद/हरदोई, चसं। क्षेत्र के ग्राम बिलाल पुर में उधार पान मसाला न देने पर दुकानदार के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम बिलाल पुर निवासी सतेंद्र पुत्र बहादुर ने बताया उसकी गांव में छोटी परचून की दुकान है। मंगलवार की रात वह खाना खाने घर गया था दुकान पर उसका पुत्र अंकेश बैठा था। तभी गांव का संतराम उर्फ बाबा पुत्र कालीचरन दुकान पर उधार पान मसाला मांगने आया तो उसके पुत्र ने उधार देने से मना कर दिया। इसी बात से क्रोधित होकर विपक्षी ने गाली गलौज करते हुए उसके पुत्र के हाथ पर बांका मारकर उसे घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो पक्षों में चले लाठी डंडे, आठ पर रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद/हरदोई, चसं। क्षेत्र के ग्राम पुरवा पिपरिया में राजनैतिक विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने का मामला प्रकाश में आया है।पुलिस ने दोनो पक्षों की ओर से आई तहरीर के आधार पर आठ के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के ग्राम पुरवा पिपरिया में इस बार रंग की होली की जगह खून की होली खेली गई। राजनैतिक विद्देवशता में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमे कई लोग घायल हुए। दोनो पक्षों की ओर से कोतवाली में एक दूसरे के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।एक पक्ष के रंजीत कुमार पुत्र रामौतार ने बताया वह होली के दिन दोपहर में अपने भाई जितेंद्र पुत्र रामचंद्र व रामसिंह पुत्र भगवान सरन के साथ आखत डालने जा रहा था तभी विपक्षी गोविंद,शिशुपाल पुत्रगण उदय प्रताप सत्यपाल पुत्र बाबूराम और राजवीर ने उन लोगों को घेर लिया और लाठी डंडों से बुरी तरह मारा पीटा जिससे वह सब घायल हो गए।दूसरे पक्ष के अजय कुमार पुत्र छुटकई ने बताया, उसके चाचा सत्यपाल व चाची सरला देवी आखत डालकर वापस आ रहे थे तभी पहले से घात लगाए ब्रजकिशोर पुत्र फूलचंद्र,अशोक पुत्र काशीराम,आशीष पुत्र जवाहर और रंजीत पुत्र रामौतार ने उनको घेर कर राजनैतिक रंजिश में गाली गलौज करना शुरू कर दिया।मना करने पर विपक्षियों ने लाठी डंडों से उन्हें काफी मारा पीटा जिससे वह दोनो घायल हो गए।कोतवाली पुलिस ने दोनो पक्षों के प्रार्थना पत्रों को लेकर आठ आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

श्रद्धांजलि सभा में छलके श्रद्धा के आंसू

हरदोई, चसं। पैतृक गांव अटिया मझिगवां, विकासखंड- कोथावां में लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व महामंत्री अनिल सिंह वीरू के अनुज भ्राता व नरेंद्र सिंह 'अटिया' के पुत्र स्मृतिशेष राजीव सिंह 'रिंकू' की तृतीय पुण्यतिथि पर जिले भर से आए संभ्रांतजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री सिंह ने सर्वप्रथम अपने परिवारी जनों के साथ अपनें भाई को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री सिंह के पिता नरेंद्र सिंह, भाई सुनील सिंह,संजीव सिंह 'सोनू', देवशी सिकरवार, यशवर्धन,शौर्य वर्धन,आदि वर्धन,अवि वर्धन समेत संभ्रांतजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व महामंत्री श्री सिंह ने कहा कि भाई की कमी हमेशा खलती रहेगी जिसे पूरा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने पुरानी स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि मैंनें लक्ष्मण जैसा भाई खोया है जिसकी भरपाई अन्य कोई रिश्ता नहीं कर सकता मै,परिवार व रिश्तो की चिंता करना एवं दायित्वों को निर्वहन करना उसकी पहली प्राथमिकता रहती थी वह रिक्तता जीवन के अंतिम सांस तक महसूस होती रहेगी। श्रद्धांजलि अर्पित करने सबसे पहले प्रधान देशराज सिंह,पूर्व शिक्षक के पी सिंह सिकरवार,पूर्व जिला पंचायत सदस्य के पी सिंह,अध्यक्ष व्यापार मंडल लव मिश्रा,दिलीप गुप्ता,मंडल अध्यक्ष देव शरण अवस्थी,कमलेश सिंह,राजेश सिंह सिकरवार भैंनगांव, प्रधानाचार्य शिव शंकर लाल वैश्य,प्रधानाचार्य ठाकुर प्रसाद,अध्यक्ष श्री अनिल सिंह,प्राचार्य डॉ रामकरन सिंह,आरपी सिंह,इंजीनियर संघ के प्रांतीय संरक्षक एस सी सिंह,एडवोकेट धृति वर्धन सिंह ,पूर्व प्रमुख श्री शिवराम सिंह,पूर्व अध्यक्ष छात्रसंघ विनय वर्मा, पूर्व महामंत्री रविंद्र सिंह गांधी, उत्तम श्रीवास्तव, पवन सिंह,उदित प्रताप सिंह,पूर्व उपाध्यक्ष सर्वेश पांडे, हर्षवर्धन सिंह,पुष्प मिश्रा,मजहर हुसैन,सत्य प्रकाश सिंह छुन्ना, कुलदीप सिंह दीपू,मदन मोहन सिंह मदनू, अनंत मिश्रा,कौशल सिंह,धर्मेंद्र सिंह गुड्डू,एडवोकेट नेपाल सिंह,शैलेंद्र मिश्रा ब?क्के,संजू तोमर, राजकुमार सिंह, सुबोध सिंह,अनूप सिंह पाही,राम भजन प्रधान मझिगवा, मुकेश मौर्य समेत सैकड़ों संभ्रांत जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

चुनावों के दृष्टिगत एसपी ने बघौली क्षेत्र का किया भ्रमण

हरदोई, चसं। पुलिस अधीक्षक केशवचंद गोस्वामी द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत जनपद हरदोई में निर्वाचन संबन्धी ड्यूटी हेतु आगमन करने वाले अर्द्धसैनिक बलों/पुलिसकर्मियों के ठहरने हेतु थाना बघौली क्षेत्रांतर्गत चिन्हित स्थानों का भ्रमण किया। श्री गोस्वामी ने डॉ भीमराव अंबेडकर इंटर कॉलेज ,माँ यशोदा पब्लिक इंटर कॉलेज व बी.एन.ए.एस महाविद्यालय ,बघौली कॉलेजों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

कछौना/हरदोई, चसं। एक माह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मंगलवार की रात निधन हो गया। इस घटना से परिवार के ऊपर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत कछौना पतसेनी के मोहल्ला चौराहा पूर्वी निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र दिनेश कुमार उम्र 38 वर्ष एक माह पूर्व मोटरसाइकिल से ससुराल जा रहे थे, इसी बीच तेज गति डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसका इलाज लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा था। मंगलवार की रात इलाज के दौरान निधन हो गया। मृतक सब्जी बिक्री कर परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक की दो मासूम बच्चे हैं। इस घटना से परिवार का रो-रो का बुरा हाल है।

चलती रोडवेज का फटा फ्यूल टैंक

हरदोई, चसं। एक चलती रोडवेज का फ्यूल टैंक फट गया। फ्यूल टैंक के फटने के बाद रोडवेज से भरभराकर डीजल बहने लगा ,यह देख आसपास के ग्रामीण अपने घरों से बाल्टी टब व अन्य बर्तन लेकर रोडवेज के फ्यूल टैंक से बहने वाले डीजल को लूटने के लिए दौड़ पड़े हांलांकि फ्यूल टैक के फटने के बाद स्पीड में चल रही रोडवेज को किसी तरह से ड्राइवर ने रोका जिससे एक बड़ा हादसा भी होने से टल गया।हरदोई से लखनऊ के लिए 20 से 25 सवारियां भरकर जा रही थी रोडवेज बस रास्ते में बम्हना खेड़ा के पास फ्यूल टैंक फटने से सारा डीजल बहने लगा जिसे ग्रामीणों ने खूब लूटा। हरदोई से लखनऊ जाने वाली कैसर बाग डिपो की बस के डीजल को लूटने के लिए ग्रामीण घरों से बाल्टी टब व अन्य बर्तन लेकर दौड़ पड़े। दरअसल मामला यह था कि हरदोई से लखनऊ जाने वाली कैसर बाग डिपो का फ्यूल टैंक हरदोई लखनऊ राजमार्ग पर पड़ने वाले गांव बम्हना खेड़ा के पास फट गया जिससे भरभराकर डीजल बहने लगा, ऐसे स्पीड में चल रही रोडवेज बस को किसी तरह ड्राइवर ने रोका जिससे एक बड़ा हादसा होने से भी टल गया क्योंकि उस वक्त बस के अंदर 20 से 25 सवारियां भी सफर कर रहीं थीं।

संक्षिप्त समाचार

सनराइजर्स के विशाल स्कोर के आगे धराशायी हुई मुंबई, 31 रन से जीती हैदराबाद

मुंबई, एजेंसी। पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद (स्न्ना) ने इंडियन प्रीमियर लीग में इतिहास रच दिया है। इस टीम ने बुधवार (27 मार्च) को आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा 277 रनों का स्कोर बनाकर मैच अपने नाम कर लिया है। इस मुकाबले में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस को 31 रनों से करारी शिकस्त दी। मुंबई के सामने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा 278 रनों का टारगेट था, जिसके जवाब में MI टीम 5 विकेट गंवाकर 246 रन ही बना सकी और लगातार दूसरा मुकाबला गंवा दिया। मुंबई के लिए तिलक वर्मा ने 24 गेंदों पर फिफ्टी जड़ी और टीम के लिए 34 गेंदों पर सबसे ज्यादा 64 रन बनाए। जबकि कप्तान हार्दिक पंड्या (24) और टिम डेविड (42 नाबाद) ने आखिर में कुछ अच्छी पारी खेली, लेकिन वो टीम को जीत नहीं दिला सके। सनराइजर्स टीम के लिए कप्तान पैट कमिंस और जयदेव उनादकट ने 2-2 विकेट झटके. शाहबाज अहमद को 1 सफलता मिली। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए सनराइजर्स टीम ने धांसू शुरुआत की और 3 विकेट गंवाकर 277 रन बना डाले। यह इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है, इसी के साथ 11 साल पुराना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का रिकॉर्ड टूट गया है। आरसीबी ने 23 अप्रैल 2013 को पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 5 विकेट पर 263 रन बनाए थे, तब क्रिस गेल ने 66 गेंदों पर 175 रनों की आतिशी पारी खेली थी।

शेयर बाजार में बढ़त : सेंसेक्स 526 अंक उछल कर 72996, निफ्टी 22123 के स्तर पर बंद

नयी दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में आज (27 मार्च को) बढ़त देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 526.01 (0.73:) अंक की तेजी के साथ 72,996.31 के स्तर पर जबकि निफ्टी 118.95 (0.54:) अंकों की बढ़त के साथ 22,123 के स्तर पर बंद हुआ।दोपहर के कारोबार में सेंसेक्स 624 अंक और निफ्टी 179.90 अंक उछला था।शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी और 2 में गिरावट देखने को मिल रही है। आज बैंकिंग और ऑटो शेयर्स में ज्यादा बढ़त है। मारुति सुजुकी और रिलायंस के शेयर में 2: से ज्यादा की तेजी है। इससे पहले कल यानी 26 मार्च को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 361 अंक की गिरावट के साथ 72,470 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में भी 92 अंक की गिरावट रही, ये 22,004 के स्तर पर बंद हुआ था।

बढ़ते निर्यात से चालू खाता घाटा लष्टक्के 1 प्रतिशत से कम होने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रभुदास लीलाधर के अनुसंधान निदेशक अमनीश अग्रवाल का कहना है कि बढ़ते निर्यात के साथ-साथ कम हो रहे आयात के कारण चालू खाते का घाटा जीडीपी के 1 प्रतिशत से नीचे आने की उम्मीद है। वैश्विक निर्यात मांग में तेजी के कारण वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा कम होकर 10.5 बिलियन डॉलर (जीडीपी का 1.2 प्रतिशत) हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में यह 16.8 बिलियन डॉलर (जीडीपी का 2.0 प्रतिशत) था। तेल समेत दूसरे कमोडिटी की कीमतों में नरमी और रुपये की मजबूती से आयात बिल नियंत्रित हुआ है। इसके अलावा, सर्विसेज और विदेशों से आने वाले पैसे ने चालू खाता को समर्थन प्रदान किया है। एफडीआई और एफपीआई प्रवाह से भी उछाल में मदद मिली। इसके अलावा, विश्लेषक ने कहा कि घरेलू स्तर पर मजबूत इकोनोमिक फंडामेंटल से निवेश की संभावनाओं में सुधार के कारण एफडीआई प्रवाह में तेजी आने की उम्मीद है। आगे देखते हुए, भारत के भुगतान संतुलन की स्थिति स्थिर रहने की संभावना है। मजबूत घरेलू परिस्थितियां वैश्विक प्रतिकूलताओं पर भारी पड़ सकती हैं। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमामही में चालू खाता घाटा में कमी बेहतर सेवा निर्यात और प्राइवेट ट्रांसफर के साथ उच्च व्यापार घाटे की भरपाई को दर्शाती है। बड़े पैमाने पर एफपीआई प्रवाह और बैंकिंग पूंजी में लगातार सुधार के साथ तीसरी तिमाही में सीएडी फंडिंग सुचारू रही है।

हम आने वाली पीढ़ियों के लिए ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व कर रहे : गौतम अदाणी

नई दिल्ली, एजेंसी। अदाणी ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम केवल इस पीढ़ी और अगली पीढ़ी के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अपने ग्रह की देखभाल करें। अदाणी ग्रीन एनर्जी ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व कर रही है जो इस प्रतिबद्धता का सम्मान करती है। लंदन में साइंस म्यूजियम में एनर्जी क्रांति : अदाणी ग्रीन एनर्जी गैलरी के उद्घाटन पर गौतम अदाणी ने कहा कि उनका हमेशा मानना था कि हमारा जीवन एक बड़ी कहानी का हिस्सा है। गौतम अदाणी ने कहा, यह एक ऐसी कहानी है जो हमारे पूर्वजों को जो कुछ भी पता था उसे उस भविष्य से जोड़ती है जिसे हम बनाना चाहते हैं। हमें अपने सभी कार्यों में आने वाली पीढ़ी के लिए सपने गढ़ते समय अपने पूर्वजों की समझ का सम्मान करना चाहिए। गौतम अदाणी ने सभा को बताया, गुजरात के खावड़ा में हम दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क बना रहे हैं। इसकी उत्पादन क्षमता 30 गीगावॉट होगी। इसका 538 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल पेरिस से पांच गुना से भी अधिक बड़ा है।

उन्होंने आगे कहा, हम 2030 तक 45 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा तक पहुंचने का भी लक्ष्य बना रहे हैं। यह इंग्लैंड के लगभग हर घर को स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करने जैसा होगा। कंपनी के अनुसार, एनर्जी क्रांति : अदाणी ग्रीन एनर्जी गैलरी, एक निःशुल्क गैलरी है। यह गैलरी दिखाती है कि किस तरह इनोवेशन के माध्यम से अतीत, वर्तमान और भविष्य को आकार दिया जा सकता है। यह भी पता लगाते हैं कि हमारे ऊर्जा भविष्य (एनर्जी फ्यूचर) को तय करने में हम सभी की भूमिका कैसे है। गौतम अदाणी ने कहा कि यह नई गैलरी सिर्फ स्वच्छ हवा या तेल और गैस से दूर जाने के बारे में नहीं है। यह उस ऊर्जा परिवर्तन के बारे में है जिसकी हमें इस दुनिया को ज़रूरत है और यह उस क्रांति के बारे में है जो ऊर्जा की दुनिया में हो रही है। यह गैलरी स्पेशल है क्योंकि यह हमें सोचने, सपने देखने और बदलाव की कामना करने पर मजबूर करती है। यह हमें दिखाता है कि कैसे हमारी दुनिया, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारा अपना जीवन बेहतरी के लिए बदल सकता है।

डीएफसी ने गोकुलम केरल को 2-0 से रौंदा

चर्चित राजनीति। एजेंसी

चंडीगढ़। आईलीग 2023-24 में डीएफसी ने शानदार जीत दर्ज की और गोकुलम केरल एफसी को 2-0 से हराया। लीग में सबसे मजबूत आक्रमण वाली टीम गोकुलम केरल को डीएफसी ने संभलने का मौका नहीं दिया। उन्होंने गोल भी दागे और क्लीन शीट हासिल करते हुए अपनी पहचान सभी को कराई। मैच के शुरुआत से

■ आईलीग मुकाबले में डीएफसी का शानदार प्रदर्शन

ही डीएफसी ने अपनी रणनीतिक कौशल और आक्रामक आक्रमण शैली का प्रदर्शन किया।

उन्होंने कई मौके भी बनाए और साथ ही गोकुलम केरल के निरंतर हमले को रोकने में भी कामयाबी हासिल की। हाफ टज्ञइम से ठीक पहले गोकुलम को झटका लगा और उनके एक प्लेयर को रेड कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया गया। इस मौके को टीम गोल में नहीं बदल पाई और पहले हाफ का अंत 0-0 स्कोर के साथ हुआ। डीएफसी दूसरे हाफ में पूरी तरह से एक अलग योजना के साथ आई और दूसरे हाफ में एक शानदार प्रदर्शन किया। अपने शीर्ष स्कोरर के साथ टीम ने पहली सफलता हासिल की और 59वें मिनट में उन्होंने डेडलॉक को तोड़ा। गुरतेज, अलीशेर और बाली गगनदीप की तिकड़ी ने ठोस रक्षात्मक खेल दिखाया, जिससे डीएफसी को अपनी बढ़त बनाए रखने में मदद मिली और अंततः प्रभावशाली बारबोज़ा के दूसरे गोल के साथ जीत पक्की हो गई।

डीएफसी ने न केवल 2-0 से जीत हासिल की, बल्कि वे गोकुलम केरल के मजबूत आक्रमण के खिलाफ क्लीन शीट रखने में भी कामयाब रहे। इस जीत के साथ डीएफसी अंक तालिका में राजस्थान यूनाइटेड से आगे निकल गई है और सीजन का अंत अच्छे तरीके से करना चाह रही है। डीएफसी के असाधारण प्रदर्शन को लेकर प्रशंसक और विश्लेषक समान रूप से उत्साहित हैं, गोकुलम केरल पर टीम की जीत ने लीग में एक ताकत के रूप में उनकी बढ़ती प्रतिष्ठा को बढ़ा दिया है।

हीरो इंडियन ओपन में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे अनिर्बान लाहिड़ी

चर्चित राजनीति। एजेंसी

गुरुग्राम। प्रतिष्ठित हीरो इंडियन ओपन अपने 2024 संस्करण के लिए लौट आया है, जो 28 मार्च 2024 से गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में शुरू होगा। भारत में गोल्फ प्रशंसक सभी गतिविधियों को विशेष रूप से फैनकोड पर देख सकते हैं, जो देश में गोल्फ की सभी चीजों के लिए अंतिम गंतव्य है। फैनकोड के मजबूत गोल्फ पोर्टफोलियो में पहले से ही एलआईवी गोल्फ, प्रतिष्ठित लेडीज यूरोपियन टूर और यूरोपियन पीजीए के साथ द अगस्टा मास्टर्स, यूएस पीजीए चैंपियनशिप, यूरोपियन ओपन जैसे इवेंट शामिल हैं। हीरो इंडियन ओपन भारत में सबसे बड़ा गोल्फ आयोजन है और खिलाड़ियों की अग्रणी पंक्ति में रासमस होजगार्ड और यानिक पॉल शामिल हैं, जो भारतीय धरती पर अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे। होजगार्ड इस वर्ष प्रतियोगिता में सर्वोच्च रैंक वाला खिलाड़ी होंगे।

जम्मू-कश्मीर ने राजस्थान को 40 साल तक बिजली आपूर्ति करने के लिए किया समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी। एनएचपीसी लिमिटेड और जम्मू-कश्मीर स्टेट पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की संयुक्त उद्यम कंपनी रैटले हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (आरएचपीसीएल) ने राजस्थान ऊर्जा विकास एंड आईटी सर्विसेज लिमिटेड को बिजली की आपूर्ति के लिए पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) में प्रवेश किया है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने गुरुवार को ये जानकारी दी। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किए जाने वाले बिजली आवंटन के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में 850 मेगावाट की रैटले जलविद्युत परियोजना वाणिज्यिक संचालन तिथि (सीओडी) से 40 वर्षों की अवधि के लिए राजस्थान को बिजली प्रदान करेगी। पावर परचेज एग्रीमेंट पर बुधवार को जयपुर में आरएचपीसीएल और राजस्थान ऊर्जा विकास और आईटी सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

कुछ वित्तीय प्रौद्योगिकी कम्पनियों की जांच कर रहा है प्रतिस्पर्धा आयोग : चेयरपर्सन

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा है कि सीसीआई कुछ वित्तीय प्रौद्योगिकी इकाइयों के खिलाफ जांच कर रहा है। इसका मकसद यह पता लगाना है कि प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के उनके तरीके प्रतिस्पर्धा को प्रभावित तो नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि नियामक प्रतिस्पर्धी डिजिटल बाजार सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। आयोग विभिन्न संशोधित नियमों, डिजिटल बाजार में प्रतिस्पर्धा-रोधी गतिविधियों के खिलाफ व्यवस्था के साथ अनुचित व्यापार के तौर-तरीकों पर अंकुश लगाने के अपने प्रयासों को मजबूत कर रहा है। प्रतिस्पर्धा आयोग की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने कहा कि प्रतिस्पर्धा कानून को लेकर विभिन्न इकाइयों के बीच जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान 'विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन बनाने पर है। उन्होंने कहा नियामक का ध्यान बड़ी तकनीकी कंपनियों के साथ-साथ वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) और ऑनलाइन मध्यस्थ सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों पर है। कौर ने कहा, ''सीसीआई फिनटेक क्षेत्र की कुछ इकाइयों की जांच कर रहा है। हम देख रहे हैं कि फिनटेक कंपनियां कैसे प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रही हैं और

क्या इसके जरिये वे बाजार में प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर रही हैं? मामले में जांच जारी है।इस बारे में और जानकारी दिए बिना, उन्होंने यह भी कहा कि नियामक फिल्म उद्योग खासकर फिल्म वितरकों से संबंधित कुछ मामलों को देख रहा है। कौर के अनुसार, बाजार खराब करने की गतिविधियों को दूर कर और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने से अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे कुल मिलाकर नवोन्मेष और समग्र आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। उन्होंने कहा, ''यह सब विनियमन और स्वतंत्रता के बीच सही संतुलन बनाने को लेकर है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि बाजार प्रतिस्पर्धी बना रहे और यह सभी संबद्ध पक्षों के लिए निष्पक्ष रूप से काम करे।

कौर ने कहा कि आयोग डिजिटल बाजार से संबंधित मामलों में तेजी ला रहा है। कंपनियां प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करने के महत्व को अब समझने लगी हैं। यह अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष डिजिटल बाजार सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा, ''हालांकि, नियामकीय परिदृश्य को लेकर कानूनी चुनौतियां भी हैं। हमारा ध्यान एक ऐसा परिवेश बनाने पर रहता है जहां प्रतिस्पर्धा हो। यह एक सतत प्रक्रिया है। हम प्रतिस्पर्धी डिजिटल बाजार सुनिश्चित करने के लिए निगरानी, घ्ध्मूल्यांकन और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीसीआई में डिजिटल मार्केट डाटा यूनिट (डीएमडीयू) ने भी काम करना शुरू कर दिया है। गूगल के खिलाफ सीसीआई के एक महत्वपूर्ण फैसले के बाद बाजार पर पड़े प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर कौर ने कहा, ''बहुत बदलाव आया है और कंपनियों को यह एहसास हो रहा है कि वे प्रतिस्पर्धा रोधी गतिविधियों में शामिल होकर बच नहीं सकती हैं।

देश के शीर्ष सात शहरों में जनवरी-मार्च में आवासीय बिक्री 14: बढ़ी : एनारॉक

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नयी दिल्ली। इस वर्ष जनवरी से मार्च के दौरान सात प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ी है। एनारॉक के अनुसार मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), पुणे, बेंगलुरु और हैदराबाद में आवासीय संपत्तियों की बिक्री बढ़ी, हालांकि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), चेन्नई और कोलकाता में गिरावट आई।

रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने देश के शीर्ष सात आवासीय बाजारों में बिक्री से जुड़े आंकड़े बुधवार को जारी किए। आंकड़ों के अनुसार, शीर्ष सात शहरों में इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में आवासीय बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 1,30,170 इकाई हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 1,13,775 इकाई थी। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, ''1.5 करोड़ रुपए और उससे अधिक कीमत वाले महंगे मकानों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि के बीच इस तिमाही में पिछले दशक में अभी तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई है।

जनवरी-मार्च के दौरान एमएमआर में आवासीय बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 42,920 इकाई हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 34,690 इकाई थी। पुणे में आवासीय बिक्री 19,920 इकाइयों से 15 प्रतिशत बढ़कर 22,990 इकाई हो गई। हैदराबाद में आवासीय बिक्री 38 प्रतिशत बढ़कर 14,280 इकाइयों से 19,660 इकाई हो गई। बेंगलुरु में 15,660 इकाइयों से 14 प्रतिशत बढ़कर 17,790 इकाई रही। हालांकि दिल्ली-एनसीआर में आवासीय बिक्री में नौ प्रतिशत की गिरावट आई और यह 17,160 इकाइयों से घटकर 15,650 इकाई रह गई। कोलकाता में भी आवासीय बिक्री 6,185 इकाइयों से नौ प्रतिशत गिरकर 5,650 इकाई और चेन्नई में बिक्री छह प्रतिशत घटकर 5,510 इकाई रह गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 5,880 इकाई थी। शीर्ष सात शहरों में औसत आवासीय संपत्ति की कीमतों में 2024 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 10 से 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि मजबूत मांग से बिक्री बढ़ी है। गुरुग्राम स्थित क्रिसुमी कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने कहा कि आवासीय मांग, खासकर प्रीमियम और अल्ट्रा-लक्जरी मकानों के लिए अधिक है। इसके 2024 में और मजबूत होने की उम्मीद है।

कोका-कोला एसएलएमजी ने कॉस्टिन मांड्रिया को सीईओ नियुक्त किया

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। भारत और दक्षिण पश्चिम एशिया में कोका-कोला के सबसे बड़े स्वतंत्र बॉटलर एसएलएमजी ग्रुप ने आज कॉस्टिन मांड्रिया (ब्वेजपद डंदकतमं) को कोका-कोला एसएलएमजी ऑपरेशंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। बेवरेज इंडस्ट्री में 25 वर्षों से अधिक के समृद्ध अनुभव के साथ, श्री मांड्रिया अपनी नई भूमिका में विशेषज्ञता और रणनीतिक दृष्टि का भरपूर भंडार लेकर आए हैं। कॉस्टिन मांड्रिया ने पश्चिमी और मध्य यूरोप, रूस और जापान में कोका-कोला बॉटलिंग सिस्टम में प्रमुख नेतृत्व पदों पर कार्य किया है, जहां उन्होंने कंपनी-व्यापी परिवर्तन, सेल्स फोर्स ऑपरेशंस, ग्राहक जुड़ाव और बाजारोन्मुख रणनीतियों के माध्यम से बिजनेस ग्रोथ को बढ़ाने में विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है। नियुक्ति पर टिप्पणी करते हुए, कोका-कोला एसएलएमजी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, एस एन लधानी ने

कहा, श्बहुत खुशी के साथ, हम एसएलएमजी समूह के सीईओ के रूप में मांड्रिया का स्वागत करते हैं। नेतृत्व और रणनीतिक कौशल का उनका सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड उन्हें हमारी कंपनी को विस्तार और सफलता के अगले चरण में ले जाने के लिए बिल्कुल उपयुक्त बनाता है।

उन्होंने कहा श्एसएलएमजी समूह में हमारे त्वरित विकास चरण के बीच, हमारा दृढ़ विश्वास है कि कॉस्टिन अभूतपूर्व सफलता की ओर ले जाने के लिए परफेक्ट लीडर हैं।÷ श्री लधानी ने कहा कि मांड्रिया के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड और गतिशील दृष्टिकोण के साथ, हम उनके मार्गदर्शन में उल्लेखनीय माइल स्टोन हासिल करने के लिए तैयार हैं। अपनी नियुक्ति पर, श्री मांड्रिया ने टिप्पणी की, ÷मैं कोका-कोला एसएलएमजी में इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त होने पर सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। मैं प्रतिभाशाली टीम के साथ सहयोग करने और कंपनी के लिए इनोवेशन और ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए अपने अनुभव का लाभ उठाने के लिए उत्सुक हूं। श्री मांड्रिया बुखारेस्ट विश्वविद्यालय से डिग्री होल्डर हैं और उन्होंने अपने पूरे करियर में कई नेतृत्व विकास कार्यक्रमों में भाग लिया है। कोका-कोला में उनका कार्यकाल सफल परिवर्तन पहल और रणनीतिक नेतृत्व भूमिकाओं द्वारा पहचाना गया है, जिसने कंपनी की प्रॉफिटेबिलिटी और बाजार में उपस्थिति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कोका-कोला एसएलएमजी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्ति पर श्री कॉस्टिन मांड्रिया को हार्दिक बधाई देता है और उनके नेतृत्व में नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए तत्पर है।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ की साझेदारी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, देश के सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ, भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में शानदार विशाल (लार्जर-दैन-लाइफ) हेलमेट इंस्टॉलेशन का उद्घाटन किया।

यह स्टेडियम, लखनऊ में टीम का घरेलू मैदान है। इस हेलमेट इंस्टॉलेशन की ऊंचाई 27 फुट और चौड़ाई 34 फुट है और इसे स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार पर प्रमुखता से रखा गया है, जो यहां आने वाले क्रिकेट प्रेमियों और शहर की बड़ी आबादी के लिए खूबसूरत नजारे जैसा है। ऐसे भव्य पैमाने पर हेलमेट का ढांचे तैयार करने का उद्देश्य है, मैदान के भीतर और बाहर सुरक्षा के महत्व के बारे में प्रगतिशील संवाद को बढ़ावा देकर जीवन बीमा की जरूरत और महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना। क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान आकर्षित करते हुए, इस अनूठी संरचना का उद्देश्य लखनऊ शहर के निवासियों को यह बताना है कि लाइफकी प्रोटेक्शन से बड़ा कुछ नहीं। इसके जरिये अनिश्चितता से आवश्यक सुरक्षा के साथ जीवन की रक्षा करने पर जोर दिया गया है। इस विशाल हेलमेट के अनावरण के अवसर पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख, श्री रवींद्र शर्मा, डीसीपी ट्रैफिक, लखनऊ श्री सलमानताज जफर ताज पाटिलय श्री कमलेश कुमार दीक्षित, डीसीपी महिला अपराध सुरक्षा, लखनऊय श्री राहुल राही, क्षेत्रीय निदेशक-लखनऊ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और केशव महाराज, एलएसजी के खिलाड़ी तथा अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। लखनऊ सुपर जायंट्स के आधिकारिक लीड हेलमेट पार्टनर होने के नाते, एसबीआई लाइफका लक्ष्य है, क्रिकेट के मैदान पर हेलमेट के सुरक्षात्मक कार्य और मैदान से परे लोगों तथा उनके प्रियजनों के वित्तीय भविष्य की सुरक्षा में बीमा की महत्वपूर्ण भूमिका के बीच समानता को रेखांकित करना है। हेलमेट, खिलाड़ी को

मैदान पर किसी भी संभावित असफलता से बचाता है ताकि वे जोखिम की चिंता किए बिना आत्मविश्वास से खेल सकें और अपनी टीम के लक्ष्य को हासिल कर सकें। इसी तरह, जीवन बीमा मददगार की भूमिका निभाता है, जो लोगों को अप्रत्याशित घटना की स्थिति में अपने प्रियजनों की जरूरतों को सुरक्षित रखने के साथ-साथ आत्मविश्वास से अपने सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करता है। इस पहल के बारे में, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख, श्री रवींद्र शर्मा ने कहा, ष्एकाना क्रिकेट स्टेडियम में विशाल (लार्जर-दैन-लाइफ) हेलमेट इंस्टॉलेशन क्रिकेट प्रेमियों को सुरक्षा की अवधारणा से रू-ब-रू कराता है और यह लखनऊ में महत्वपूर्ण संवाद की शुरुआत करने में मदद करेगा। यह लाइफकी प्रोटेक्शन से बड़ा कुछ नहीं के संदेश का प्रतीक है, जो पारिवारिक जिम्मेदारियों का ख्याल रखते हुए लोगों को

● एकाना क्रिकेट स्टेडियम में विशाल हेलमेट इंस्टॉलेशन का किया अनावरण

अपने सपनों को पूरा करने के लिए स्वतंत्र करने के हमारे ब्रांड के उद्देश्य को प्रतिबिंबित करता है। क्रिकेट बस खेल भर नहीं है, बल्कि यह ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और भावनात्मक कारकों का मिश्रण है और इस तरह यह इस अद्भुत खेल के बड़े प्रशंसकों के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करता है और मैदान के अंदर तथा बाहर दोनों जगह सुरक्षा के महत्व पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देता है। बीमा की मौजूदा दर के साथ भारत में पैठ बढ़ाने के लिए, सुरक्षित वित्तीय भविष्य के निर्माण के लिए बीमा की जरूरत और महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने से जुड़े हमारे प्रयासों को जारी रखना महत्वपूर्ण है। एलएसजी के साथ हमारा सहयोग, देश भर में क्रिकेट प्रेमियों के साथ सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देने और उन्हें अपने जुनून को पूरा करने के लिए आजाद करने का प्रयास है। उन्होंने आगे कहा, हमारा मानना है कि यह गठजोड़ बीमा और हेलमेट के महत्व के बीच ताल-मेल को स्पष्ट रूप से दर्शाता है और मैदान के भीतर तथा मैदान से बाहर दोनों जगह सुरक्षा के महत्व पर रोशनी डालता है। हम लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ अपनी यात्रा को लेकर रोमांचित हैं और उत्साहजनक प्रदर्शन से भरे सीजन की उम्मीद करते हैं। हम देश भर में बीमा जागरूकता को बढ़ावा दे रहे हैं और हमें उम्मीद है कि हमारे प्रयास से प्रभावित होकर क्रिकेट प्रेमी जीवन बीमा के माध्यम से अपने प्रियजनों के भविष्य की सुरक्षा के लिए कदम उठाएंगे। हेलमेट, क्रिकेट में सबसे अधिक दिखाई देने वाली चीजों में से एक है और यह एसबीआई लाइफके लिए प्रतीकात्मक रूप से सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर देने और खास तौर पर देश भर के क्रिकेट प्रशंसकों के बीच सकारात्मक बदलाव लाने का एक असाधारण अवसर प्रदान करता है। जिस तरह हेलमेट खिलाड़ी को मैदान में जोखिम से बचाता है, उसी तरह जीवन बीमा वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे लोगों को बिना रुके अपने सपनों को पूरा करने का जरिया मिलता है।

टी-20 के सम्पूर्ण गेंदबाज हैं बुमराह

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबले से पहले जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा करते हुए उन्हें दुनिया का सबसे संपूर्ण टी20 गेंदबाज बताया है। दोनों टीमें सीजन की अपनी पहली जीत हासिल करने के लिए बेताब हैं।

हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन और मुंबई इंडियंस के बुमराह के बीच मुकाबला मैच का मुख्य आकर्षण बनने की ओर अग्रसर है। शुरुआती मैचों में दिल तोड़ने वाली हार के बाद, हैदराबाद और मुंबई आईपीएल 2024 सीजन में वापसी करने और महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए दृढ़ हैं। क्लासेन की विस्फोटक बल्लेबाजी ने हैदराबाद को उनके पिछले मैच में लगभग जीत दिला दी थी, जबकि बुमराह के लिए लंबे ब्रेक के बाद दमदार कमबैक रहा और उन्होंने चार ओवरों में 14 रन देकर 3 विकेट लिए। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए, ब्रॉड ने एक टी20 गेंदबाज के रूप में बुमराह की क्षमता की सराहना की।

जरूरत से ज्यादा स्क्रीन पर समय बिता रहे हैं बच्चे, आज से ही उन पर ध्यान देना करें शुरू

सर्वेक्षण कंपनी कंतार की एक सर्वे रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में गर्मी की छुट्टियों से पहले 85 फीसदी अभिभावक, अवकाश के दौरान बच्चों के स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने को लेकर चिंतित हैं। 90 फीसदी से अधिक माता-पिता का मानना है कि स्क्रीन पर अधिक समय बिताने से बच्चों की सक्रियता कम हो जाती हैं, चाहे वह स्क्रीन टीवी का हो, या कंप्यूटर का।

तीन घंटे से ज्यादा स्क्रीन इस्तेमाल कर रहे हैं लोग

कंतार द्वारा मार्च में वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म अमेजन के लिए किए गए सर्वेक्षण के अनुसार अधिकांश लोगों ने महसूस किया कि आदर्श स्क्रीन टाइम दो घंटे से कम होना चाहिए। हालांकि, 69 फीसदी लोगों ने पुष्टि की कि उनके बच्चे हर दिन स्क्रीन पर तीन घंटे से अधिक समय बिता रहे हैं। इस सर्वेक्षण में भारत के 10 महानगरों और गैर-महानगर शहरों में छोटे बच्चों (3-8 वर्ष) के लगभग 750 अभिभावकों को शामिल किया गया।

नई चीजें सीखना चाहते हैं बच्चे

सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 96 फीसदी माता-पिता अपने बच्चों को सीखने और मजेदार गतिविधियों से जोड़े रखने के लिए स्क्रीन-मुक्त तरकीबें ढूंढ रहे हैं। कंतार के इनसाइट्स डिवीजन के कार्यकारी प्रबंध निदेशक, दीपेंद्र राणा ने कहा-बच्चे नई चीजें सीखने के लिए उत्सुक होते हैं और इस प्रक्रिया में आनंद लेना चाहते हैं। गर्मी की छुट्टियों के दौरान ज्यादा खाली समय होने के कारण माता-पिता के लिए बच्चों को व्यस्त रखना एक बड़ी चुनौती होती है। सर्वेक्षण के अनुसार माता-पिता बच्चों के स्क्रीन समय को कम करने को लेकर उत्सुक हैं। स्क्रीन-मुक्त गतिविधियां बच्चों को नए कौशल सीखने में मदद कर सकती हैं।

-कुछ समय निकालकर आप बच्चों के साथ बैठें उन्हें नई-नई चीजें सिखाएं।

-आप बच्चों को आट एंड क्रॉफ्ट में व्यस्त करके फोन की आदत छुड़वा सकते हैं।

-बच्चों को उनके मनपसंद किताब दिलवाएं। साथ ही उनसे किताब के बारे में प्रश्न भी जरुर पूछें, इससे उनकी रुचि बढ़ेगी।

-आप बच्चों को इनडोर या फिर आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

-बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के लिए घर के कामों में व्यस्त कर सकते हैं। आप उनसे घर के छोटे-छोटे काम करवा सकते हैं।

-खाते हुए या सोते हुए बच्चे को मोबाइल फोन ना दें बल्कि इस समय उनसे बातचीत करें। खाना खिलाने या कोई लालच देने के लिए कभी मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें।

धीरे-धीरे बदलें आदत

आप बच्चों के साथ- साथ सोशल मीडिया से भी दूर रखें, बच्चे सुबह उठते ही फोन इस्तेमाल करना शुरु कर देते हैं। आप भी बच्चों के सामने सोशल मीडिया पर ज्यादा रील्स न देंखे। इससे बच्चों में भी रिल्स देखने की दिलचस्पी बढ़ने लग जाएगी। एकदम से फोन छीनने से बच्चे जिद्दी होने लगते हैं। आप बच्चों को मोबाइल देने का एक समय निर्धारित कर सकते हैं। इसके अलावा आप अपने फोन में लोक लगाकर रखें। ताकि बच्चे इसका ज्यादा इस्तेमाल न करें।

चेहरे और बालों की चमक बढ़ाएगा अश्वगंधा

शहनाज हुसैन के बताए इन तरीकों से करें इस्तेमाल

आयुर्वेद में अश्वगंधा को विशेष औषधि माना गया है। कोरोना महामारी के दौरान शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए अश्वगंधा का नाम आपने बार-बार सुना होगा। अश्वगंधा एक प्रकार की जड़ी बूटी होती है जोकि अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार से पाई जाती है। इसके पेड़ ज्यादातर सूखे क्षेत्रों में पाए जाते हैं और इसकी जड़ों के रस से घोड़े के मूत्र जैसी बदबू आती है इसलिए इसे अश्वगंधा यानि घोड़े जैसी गंध का नाम दिया जाता है। अश्वगंधा की ताजी जड़ में यह गंध ज्यादा तेज पाई जाती है। वन में पाए जाने वाले पौधों की तुलना में खेती के माध्यम से उगाए जाने बाले अश्वगंधा की गुणवत्ता अच्छी होती है। तेल निकालने के लिए वनों में पाया जाने वाला अश्वगंधा का पौधा ही अच्छा माना जाता है। अश्वगंधा ऐसी औषधि है जो न केवल आपके तनाव को दूर करती है बल्कि सेहत और सौन्दर्य से जुड़े कुछ फायदे भी देती है।स्किन से लेकर हेयर केयर में भी अश्वगंधा का प्रयोग किया जाता है। इसके शक्तिशाली उपचार गुणों के साथ-साथ त्वचा और बालों की सुंदरता निखारने के लिए आयुर्वेद में इसका काफी मात्रा में उपयोग किया जाता है। आयुर्वेद में अश्वगंधा के अर्क, काढ़े, पाउडर, तेल का उपयोग औषधि के रूप में किया जाता है। इससे बने क्लींजर, एंटी एजिंग क्रीम, मॉइस्चराइजिंग क्रीम, शैम्पू, कंडीशनर, हेयर टॉनिक आदि की मार्केट में बहुत डिमांड है।

त्वचा को मुलायम बनाने के लिए ऐसे करें इस्तेमाल

अश्वगंधा एंटीऑक्सीडेंट और आयरन से भरपूर होता है। यह दिमाग को शांत करता है और तनाव को भी कम करता है। त्वचा को नरम और मुलायम बनाने के लिए 2 चम्मच सूखे अश्वगंधा पाउडर में एक चम्मच सूखे और पीसे हुए नींबू के छिलके और एक चम्मच सूखे अदरक को मिलाएं। इन्हें एक कप पानी में डालें और उबाल आने दें। पाउडर थोड़ा नरम होना चाहिए। मिश्रण को ठंडा करें और चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद सादे पानी से धो लें। त्वचा में निखार आएगा और त्वचा चमकने लगेगी।

एंटी-एजिंग और झुर्रियां होगी गायब

अश्वगंधा में त्वचा को जवान बनाए रखने के गुण हैं। इसमें शक्तिशाली एंटी-एजिंग गुणों के साथ एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो फाइन लाइन्स और झुर्रियों से राहत देते हैं। साथ ही त्वचा पर लंबे समय तक उम्र के संकेत नहीं आने देते। स्किन को आकर्षक और कोमल बनाए रखने के लिए एक चम्मच अश्वगंधा पाउडर में एक चम्मच शहद और थोड़ा सा गुलाब जल मिलाएं। होठों और आंखों के आस-पास के क्षेत्र से बचते हुए चेहरे पर लगाएं। 15 से 20 मिनट बाद इसे धो लें। शहद की जगह आप एलोवेरा जेल भी मिला सकते हैं।अश्वगंधा में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो त्वचा को संक्रमण या मुंहासों से बचाते हैं। फेस पैक तैयार करने के लिए 2 चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच अश्वगंधा पाउडर और आधा चम्मच दालचीनी पाउडर मिलाएं। इस पैक को मुंहासे वाले स्थान पर लगाएं। 20 मिनट बाद सादे पानी से धो लें।

मुलायम बनेंगे बाल

200 मिली नारियल तेल में आधा कप सूखी अश्वगंधा की जड़ मिलाएं। 2 हफ्ते तक रोजाना एक एयरटाइट जार में धूप में रखें। तेल को छान लें और बालों में तेल लगाने के लिए हफ्ते में एक या दो बार इस्तेमाल करें। इस तेल को रात में बालों में लगाएं और सुबह शैंपू कर लें। यह तेल बालों को पोषण देता है और मुलायम बनाता है। इस तेल से बालों में रुसी से भी राहत मिलती है।

बालों को हैल्दी बनाएगा अश्वगंधा

अश्वगंधा में अमीनो एसिड होता है जो बालों को हेल्दी बनाए रखता है। इसमें मौजूद टायरोसिन अमीनो एसिड बालों और त्वचा में गहरे रंग के पदार्थ मेलेनिन के उत्पादन को बढ़ाने में मदद करता है। अश्वगंधा समय से पहले सफेद होने वाले बालों को रोकता है। अश्वगंधा पाउडर और गर्म पानी का पेस्ट बना लें। बालों को सेक्शन में बांटें। स्कैल्प और बालों पर लगाएं। प्लास्टिक शावर कैप पहन लें और आधे घंटे के लिए लगा रहने दें, फिर बालों को पानी से धो लें।

फलों के साथ सेवन न करें हरी पत्तेदार सब्जियां

कई सारे फल और सब्जियां ऐसी होती हैं जिन्हें फलों के साथ फ्रिज में स्टोर करने से बचना चाहिए। क्योंकि ऐसा न करने पर सब्जियां ज्यादा समय तक ताजी नहीं रह पाती हैं। इसके लिए कुछ फल जिम्मेदार हो सकते हैं। फ्रिज सही होने के बाद भी अक्सर सब्जियां जल्दी खराब हो जाती हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आपको बता दें कि फलों और सब्जियों में अगल-अलग तरह के केमिकल और एंजाइम पाया जाता है। ऐसे में फलों और सब्जियों को साथ में रखने से यह जल्दी खराब होने लगती हैं। इसलिए फ्रिज में फल और सब्जियों को एकसाथ नहीं रखना चाहिए। आज इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे फलों और सब्जियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको लंबे समय तक फ्रिज में फलों के साथ नहीं रखना चाहिए।

ब्रोकली

ब्रोकली एथिलीन सेंसिटिव सब्जी होती है। अगर आप इसके साथ एथिलीन बनाने वाले फलों सेब, अंगूर और अंजीर के साथ रखते हैं तो 50 प्रतिशत तक इसकी लाइफ लाइन कम हो जाती है। इसलिए फ्रिज में इसे स्टोर करने के बाद भी यह 2 से 3 दिन में खराब होने लगती है।

पत्तेदार सब्जियां

पत्तेदार सब्जियों को ताजा रखने के लिए काफी सावधानी बरतनी होती है। क्योंकि यह भी एथिलीन सेंसिटिव सब्जियां होती हैं। इसलिए पत्तेदार सब्जियों को अंगूर, सेब और तरबूज आदि फलों के साथ स्टोर करने से बचना चाहिए। इन फलों के साथ पत्तेदार सब्जियां रखने से यह ज्यादा समय तक ताजी नहीं रह पाती हैं।

लौकी

लौकी भी एथिलीन सेंसिटिव होती है। इसलिए लौकी को सेब, अंजीर, नाशपाती और अंगूर आदि फलों के साथ फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। क्योंकि यह एथिलीन को रिलीज करने का काम करते हैं। इससे लौकी लंबे समय तक फ्रेश नहीं रह पाती है।

पत्तागोभी

पत्तागोभी को ताजा रखने के लिए फ्रेश एयर की आवश्यकता होती है। बता दें कि पत्तागोभी भी एथिलीन सेंसिटिव सब्जियों में आती है। इसलिए इसको खरबूजे, कीवी और सेव आदि फलों के साथ नहीं रखना चाहिए।

:: एजेंसी

प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

तीन हजार करोड़

हैं, लेकिन जब भगवान राम की बात आती है तो वो कहते हैं कि सबूत कहां है। लेकिन जब कृष्णरायचंद की बात आती है तो तुरंत निकालते हैं। ये इनका दोगलापन है। आपको मन में इसका तनाव नहीं लेना चाहिए।

किसी के लिए

, नए संस्थानों का निर्माण व बिना भेदभाव जरूरतमंदों को गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। 2014 के पहले जाति, मत, मजहब को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाती थीं। 2014 के बाद सिर्फ सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के अनुरूप बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। हर गरीब, व्यापारी, महिला, नौजवान, किसान को लाभ मिल रहा है। सुरक्षा-सब्सिडी सबको दे रहे हैं। तुष्टिकरण नहीं बल्कि मोदी ने हर नागरिक की संतुष्टि को आधार बनाया है। नए भारत में युवा की आजीविका की व्यवस्था, आस्था का सम्मान, पौराणिक विरासत के संरक्षण का कार्य भी हो रहा है। विकास के साथ आम नागरिकों को जोड़ने का कार्य हो रहा है। बेटी-बहन और व्यापारी को सुरक्षा की गारंटी है। किसान को विकास के अभियान के साथ जोड़ने की गारंटी ही मोदी की गारंटी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बिना भेदभाव 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानते हैं। 2014 के पहले पूर्वोत्तर के राज्यों में उग्रवाद, अलगावाद चरम पर था। जम्मू-कश्मीर में पत्थरबाज हावी थे। सुरक्षा के जवान चोटिल होते थे। आज जम्मू-कश्मीर में पत्थरबाजी समाप्त, धारा-370 समाप्त हो गया। 1952 में कांग्रेस ने यह दंश दिया था, जो देश में उग्रवाद का कारण बना था, लेकिन उसका निदान मोदी ने कर दिया। आज कोई भारत की सीमा में घुसपैठ या आतंकी घटना का साहस नहीं कर सकता। यशस्वी नेतृत्व होने से सर्वांगीण विकास होता है। आज सीमावर्ती क्षेत्रों तक भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर पहुंचा है। पहले सैनिकों को कई किमी. दूर तक पीठ पर सामान बांधकर जाना पड़ता था, लेकिन अब सीमा क्षेत्र तक भारत की कनेक्टिविटी बेहतर है। उन्होंने कहा कि जब पहली बार सांसद के रूप में हेमामालिनी सदन में पहुंचीं तो कहा कि मैं ब्रज क्षेत्र की प्रतिनिधि बनकर आई हूं। उन्होंने यहां की पीड़ा बताई। आपके सांसद के मुंह से जो आवाज संसद में उठी थी, वह वैसे ही साकार होगी, जैसे एक-एक सपने साकार हो रहे हैं। सीएम ने कहा कि पांच हजार वर्ष पहले श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में पूरी लीलाएं रचीं। उसकी साक्षी बनीं थीं यमुना मैया। यमुना मैया की आवाज संसद में उठी थी, तब उसी समय नमामि गंगे योजना बनाई गई। भारत सरकार ने कार्यक्रम भी प्रारंभ कर दिए। नमामि गंगे के माध्यम से प्रयागराज कुंभ या माघ मेले में संगम में शुद्ध पेयजल भी मिलता है। गंगा मैया के बाद अब यमुना मैया की बारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कला का प्रतिनिधि आपका प्रतिनिधित्व कर संसद में आवाज बुलंद कर रही हैं। फिल्म जगत की नामचीन कलाकार होने के बाद भी हेमामालिनी ने संसदीय क्षेत्रों के मुद्दों को संसद, मंत्रालयों व मुख्यमंत्री के समक्ष बातों को रखकर समस्या के समाधान पर चर्चा करती हैं। ऐसे जनप्रतिनिधियों की बदौलत ही समस्याओं से समाधान का रास्ता निकलता है। ब्रज क्षेत्र समस्या नहीं, समाधान देता है। प्रबुद्धजन सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी व सांसद हेमामालिनी, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, सांसद तेजवीर सिंह, विधायक श्रीकांत शर्मा, पूरन प्रकाश, राजेश चौधरी, विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया,महापौर विनोद अग्रवाल, नीलश्याम सिंह, ओमप्रकाश सिंह, योगेश चौधरी आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

इतिहास में दर्ज

पहुंचकर बीजेपी प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ के वर्तमान सांसद राजेन्द्र अग्रवाल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सहजता और ईमानदारी के साथ अपना उत्तराधिकारी अरुण गोविल को चुना है। अरुण गोविल जिन्होंने तीन दशक पहले कालजयी धारावाहिक रामायण में श्रीराम के जीवन का अभिनय करके लोकप्रियता हासिल की और कोरोना काल में भी यह सबसे ज्यादा देखा जाने वाला कार्यक्रम बना, इससे दूरदर्शन की टीआरपी बढ़ गई। अब अरुण गोविल मेरठ की पहचान बनने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले हमारे पर्व और त्योहारों में ज्यादातर फूहड़ गीत बजाए जाते थे। मगर इस बार एक गीत जो हर जगह बजता दिखा कि 'जो राम को लाए हैं...।' सुनकर बहुत सुकून हुआ। यही बदलाव का सूचक है। उन्होंने कहा कि पहले होली पर 'होली खेले रघुवीरा अवध में...' गीत गाये जाते थे, मगर जब हम अयोध्या जाते थे तब वहां होली खेलते रघुवीर नहीं मिलते थे। इस बार अयोध्या में श्रीराम ने पूरी भव्यता के साथ होली खेली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरठ में हो रहे परिवर्तनों का साक्षी आज पूरा देश बन रहा है। यहां 32 हजार करोड़ रुपये से रैपिड रेल का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे बनने से मेरठ के लोग एक घंटे से भी कम समय में दिल्ली पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का पहला खेल विश्वविद्यालय मेरठ में बनाया जा रहा है। उन्होंने गंगा एक्सप्रेसवे का जिक्र करते हुए कहा कि यही विकास की तस्वीर है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार इसीलिए जीत रहे हैं क्योंकि उन्होंने देश में विकास करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में आज सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद पर लगाम लगी है। पहले धारा 370 हटाने की किसी ने हिम्मत नहीं दिखाई लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी ने उसे भी हटाया कर दिखाया है। उन्होंने जनता से पूछा किया जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है क्या सपा, बसपा और कांग्रेस ऐसा कर पाती? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है लेकिन, विपक्ष ने हमेशा जातिवाद को प्राथमिकता दी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के पूरब, पश्चिम, उत्तर या दक्षिण कहीं चले जाएं, 18वीं लोकसभा में जनता के सामने कभी भी असमंजस की स्थिति नहीं है। जनता के सामने हर तरफविकास ही विकास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करेगा। इसके साथ ही विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी और देश ग्लोबल लीडर बनकर उभरेगा। एक वो लोग हैं कर्फ्यू लगाते, दंगाइयों को गले लगाते थे और एक भाजपा सरकार है जो कांवड़ यात्रा कराती है और दंगाइयों को इलाज करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी, व्यापारी को सुरक्षा, युवाओं को आजीविका केवल भाजपा दे सकती है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित गरीब कल्याण योजनाओं की उपलब्धियों को भी गिनाया। उन्होंने मेरठ में 26 अप्रैल को होने वाली वोटिंग के लिए अभी से तैयारी करने का आह्वान किया। कहा कि आप सब स्वयं अरुण गोविल बनकर घर-घर जाइए और जनता के बीच प्रधानमंत्री मोदी के विजन को रखिए। इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, प्रदेश सरकार में मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, सोमेन्द्र तोमर, सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, सांसद प्रत्याशी अरुण गोविल सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

पीएम मोदी ने

ने कहा कि रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद आज पूरा देश और दुनिया राममय हो गई है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इतना काम किया है कि कोई उनका मुकाबला नहीं कर सकता। गोविल मंगलवार शाम को मेरठ पहुंचे और स्थानीय पार्टी नेताओं एवं भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारियों से मुलाकात की। गोविल पार्टी पदाधिकारियों के साथ औघड़नाथ मंदिर भी गए, जहां उन्होंने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। उन्हें देखने के लिए वहां भीड़ उमड़ पड़ी। कई लोग उनके साथ सेल्फी लेते नजर आए। बाद में भाजपा प्रत्याशी ने शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। गोविल ने कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा अभिनेत्री कंगना रनौत पर की गई कथित टिप्पणी पर कुछ कहने से इनकार कर दिया, और कहा कि ष्उनकी बात मेरे से मत पूछिये, उनकी बात उनसे ही पूछिये।

सभी बड़ी पार्टियों

को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। सरकार इसे ध्यान में रखकर ही काम कर रही है। वित्त वर्ष 2014-15 से लेकर 2024-25 तक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले खर्च में 433 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। इन्फ्रा पर खर्च करके सरकार निजी निवेश लाने में सफल हुई है।

क्या सुनीता केजरीवाल

बारे में चर्चा शुरू हो गई। राबड़ी देवी के संदर्भ का हवाला देते हुए कई पोस्ट साझा किए गए, जिन्होंने अपने पति लालू प्रसाद यादव के भ्रष्टाचार के मामले में जेल जाने के बाद 1997 में बिहार की मुख्यमंत्री की भूमिका निभाई थी।इस बीच अनुराग ठाकुर ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन पर भी हमला करते हुए कहा, जो अरविंद केजरीवाल नैतिकता के बारे में बात करते थे। वह कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठते थे। वह अब भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गए हैं।÷ उन्होंने कहा, आप के सांसद, स्वास्थ्य मंत्री, उपमुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और उनके एमएलसी, हर कोई जेल में है। उनके सीएम और शराब घोटाले के किंगपिन भी जेल में हैं। उनकी मांग थी कि सच सामने लाने के लिए सोनिया गांधी को रिमांड पर लिया जाए। उन्हें अपने सीएम पद का इतना मोह है कि जेल में रहकर भी वह इसे नहीं छोड़ पा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, अरविंद केजरीवाल पूरी तरह से बेईमान हैं। इससे पहले बुधवार को अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा था कि उनके पति गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के सामने पेश होकर ष्तथाकथित शराब घोटालेष् की सच्चाई उजागर करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह घोटाले का पैसा कहां है इसका खुलासा करेंगे और सबूत भी देंगे। सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को अपने पति से मुलाकात के बाद एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया, जो अब समाप्त हो चुकी दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति के संबंध में जांच एजेंसी द्वारा 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में हैं। गिरफ्तारी से पहले, केजरीवाल को जांच एजेंसी ने चल रही जांच के संबंध में पूछताछ में शामिल होने के लिए नौ समन जारी किए थे, लेकिन उन्होंने इसका पालन करने से इनकार कर दिया।

प्रातः आठ से रात्रि नौ बजे तक जमा होगा गृहकर

लखनऊ, चसं। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार 31 मार्च 2024 तक अधिक से अधिक गृहकर जमा कराए जाने के उद्देश्य से समस्त जोन के कैश काउंटर प्रात 8 से रात्रि 9 बजे तक खुले रहेंगे। मुख्य गृहकर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने ग्रह करदाताओं से अनुरोध किय है कि वह अपना ग्रह कर 31 मार्च 2024 तक जमा कर दें जिससे आगामी 1 अप्रैल से 30 जून तक 10 प्लस 5 फीसदी आधार 15 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकें ध्यान रहे आपकी छोटी-छोटी पूजी भी लखनऊ शहर को स्वच्छ एवं सुंदर एवंआकर्षक बनाने में बड़ी भूमिका अदा कर सकती है।

मैं अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हूं : रवीना टंडन

शो 'पटना शुक्ला' में नजर आने वाली एक्ट्रेस रवीना टंडन ने कहा कि वह अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे इससे अपने अपकमिंग शो में अपने ऑनस्क्रीन बेटे के साथ रिश्ता बनाने में मदद मिली। तन्वी शुक्ला का किरदार निभाने वाली रवीना टंडन ने कहा, फिल्म में एक सीन है जहां तन्वी का बेटा अपना लंचबॉक्स भूल जाता है, वह उसे पहुंचाने के लिए स्कूल बस का पीछा करती है। मुझे लगता है कि दोस्ती को महसूस करेंगे। पटना शुक्ला शो एक निडर वकील पर आधारित है जो एक छात्रा को शिक्षा घोटाले में फंसता देखकर मामले को अपने हाथों में ले लेती है और जल्द ही उसे एहसास होता है कि वह एक व्यक्ति के खिलाफ खड़ी है जो सीएम का उम्मीदवार है। पटना शुक्ला 29 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होगी। बता दें कि रवीना टंडन की फिल्म पटना शुक्ला चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था। 29 मार्च को पटना शुक्ला ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होने वाली है। इस बीच फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग दिल्ली हाई कोर्ट परिसर में रखी गई। रवीना टंडन ने पटना शुक्ला की स्क्रीनिंग से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन का शुक्रिया अदा किया। रवीना टंडन के साथ पटना शुक्ला की स्क्रीनिंग पर एक्टर अरबाज खान भी पहुंचे। उन्होंने फिल्म को प्रोड्यूस किया है। इवेंट से रवीना टंडन ने एक फोटो दिल्ली हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन के साथ भी शेयर की। पटना शुक्ला की स्क्रीनिंग की तस्वीरें शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने खुशी जाहिर की। रवीना टंडन ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, कल, जब मैं दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित हमारी फिल्म, पटना शुक्ल की स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के हॉल में गई, तो मेरा दिल कृतज्ञता से भर गया। हमारी न्यायिक प्रणाली में अथक परिश्रम करने वाले सम्मानित न्यायाधीशों और वकीलों से मिलना वास्तव में शब्दों से परे एक सम्मान था। एक्ट्रेस ने आगे कहा, ÷हमारे देश के अद्भुत वकीलों से प्रेरित किरदार निभाकर मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ। एक्टिंग चीफ जस्टिस श्री मनमोहन के साथ एक ही मंच पर खड़े होकर, उनके साथ पटना शुक्ला और

यह एक ऐसा दृश्य है जिससे हर मां जुड़ाव महसूस करेगी। उन्होंने कहा, हर घर में सुबह व्यस्तता रहती है, लेकिन एक मां उस अव्यवस्था को तोड़कर अपने बच्चों के लिए आगे आती है और यह कुछ ऐसा है जो मैंने व्यक्तिगत रूप से तब किया है जब मेरे बच्चे स्कूल जाते थे।

इसके बाद उन्होंने अपनी बेटी रिशा और बेटे रणबीर के साथ अपने रिश्ते पर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा, मैं अपने बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त हूं, और शो में मेरा किरदार तन्वी भी ऐसी ही है। पटना शुक्ला के साथ उस केमिस्ट्री को पर्दे पर लाने से मेरी अपने बच्चों से जुड़ी कुछ यादें ताजा हो गई। मुझे यकीन है कि दर्शक तन्वी और उनके बेटे की दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के कई अन्य सम्मानित सदस्यों का फिल्म का प्रचार और स्क्रीनिंग करना इस लिस्ट में सबसे ऊपर है। पटना शुक्ला को लेकर अपनी राय देते हुए रवीना ने कहा, एक मां के तौर पर ये अहसास बहुत परेशान करने वाला है कि मेरे बच्चे के अधिकार एक पल में छीन लिए जा सकते हैं, लेकिन यह जानकर कि प्रतिष्ठित वकील न्याय के लिए लड़ने और बदलाव लाने की राह पर हैं, मुझे आशा मिलती है।

हर दिन, वकील सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अथक प्रयास करते हैं। मैं इस तरह की फिल्म के लिए इतना खास अवसर दिए जाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन की बहुत आभारी हूं।

:: एजेंसी

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में आठों सीटों पर समीकरण साधने में जुटे एनडीए और इंडिया गठबंधन

हॉट सीट बनी पीलीभीत, रामपुर में भी करारी जंग, 16 अप्रैल को होगा मतदान

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। पहले चरण में यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में देश की 102 लोकसभा सीटों पर 16 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।इनमें यूपी की रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा सीट शामिल हैं। उत्तर प्रदेश की इन आठ लोकसभा सीटों में समीकरण साधने की कोशिश एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधनों के जिम्मेदार जुट गये हैं। लोकसभा चुनाव में पीलीभीत की सीट सबसे हॉट सीट बन गई है क्योंकि बीजेपी ने वरुण गांधी का पत्ता साफ कर दिया है और कांग्रेस से आए जितिन प्रसाद को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पीलीभीत को यूपी का पंजाब कहा जाता है, क्योंकि विभाजन के बाद पाकिस्तान से आए सिखों ने इसे आबाद किया। पीलीभीत बाघों के लिए भी जाना जाता है। गोमती नदी के उदगम जल, जंगल, जमीन से सजा ये जिला अपनी खूबसूरती के लिए देश दुनिया में विख्यात है।धान, गेंहू, गन्ना यहां की प्रमुख फसलें हैं। यह क्षेत्र मेनका गांधी और वरुण गांधी के लोकसभा क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने वरुण गांधी का टिकट काटकर यहां से जितिन प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

समाजवादी पार्टी ने कुर्मी बिरादरी के भगवत शरण गंगवार को अपना प्रत्याशी बनाया है। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र की सीमाएं नेपाल और उत्तराखंड से जुड़ी हुई हैं। लखीमपुर, शाहजहांपुर, बरेली इसके पड़ोसी जिले हैं। बहेड़ी क्षेत्र छोड़कर पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र की आबादी 25 लाख के आसपास हैं और वोटर 18 लाख से ज्यादा हैं। जातिगत आंकड़ों के मुताबिक करीब 5 लाख मुस्लिम हैं, किसान 3 से 4 लाख के बीच और कुर्मी वोट लगभग 2 लाख हैं। वरुण गांधी को लेकर तरह-तरह के कयास लगने लगे हैं। ऐसे में यह सीट सबसे चर्चित सीटों में एक हो गई। वरुण गांधी ने पिछली बार करीब ढाई लाख वोटों से ये सीट जीती थी। अब जितिन प्रसाद जीत के इस लीड को बढ़ा पाते हैं या बीजेपी यह सीट गंवा देती है इसपर सबकी नजर होगी।

वहीं बिजनौर से एनडीए के उम्मीदवार के तौर पर आरएलडी के प्रत्याशी चंदन चौहान हैं जबकि समाजवादी पार्टी ने दीपक सैनी को अपना उम्मीदवार बनाया है।बसपा ने जाट प्रत्याशी चौधरी वीरेंद्र सिंह को दिया है।बीजेपी ने गुर्जर, बसपा ने जाट और सपा ने ओबीसी प्रत्याशी उतारा हैं।आरएलडी को इस गठबंधन में दी गई दो सीटों में एक सीट बिजनौर है।बिजनौर लोकसभा में पांच विधानसभा सीटे हैं।इसमें करीब साढ़े 4 लाख से 5 लाख के आसपास मुस्लिम वोटर हैं, करीब चार से साढ़े चार लाख के बीच दलित, डेढ़ से पौने दो लाख के करीब जाट वोटर हैं। 50 हजार से 75 हजार के बीच में गुर्जर वोटर हैं और 50 से 60 हजार के बीच ब्राह्मण वोटर हैं। चौहान, त्यागी सहित कई अन्य जातियों का भी वोट इसमें शामिल हैं। इस सीट पर मुस्लिम और दलित वोटर हमेशा निर्णायक रहा है। राम मंदिर आंदोलन के बाद से यानि 1991 से अब तक बीजेपी चार बार इस सीट पर अपना कब्जा जमा चुकी है। समाजवादी पार्टी दो बार, रालोद एक बार इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुका है। वर्तमान में बसपा का कब्जा है और सांसद मलूक नागर हैं। लोकसभा अध्यक्ष रही मीरा कुमार और उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रही मायावती भी इस सीट का एक-एक बार प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उधर नगीना सीट इसलिए खास है क्योंकि चर्चित दलित नेता चंद्रशेखर यहां से अपनी सियासी जमीन की तलाश कर रहे हैं। वो पहली बार चुनावी मैदान में हैं।बीजेपी ने ओम कुमार, सपा ने मनोज कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है।

बसपा ने सुरेंद्र सिंह मेनवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है।नगीना लोकसभा सीट सुरक्षित सीट है। नगीना को मुख्य रूप से काष्ठ कला के लिए जाना जाता है। नगीना में काष्ठ कला का सालाना टर्नओवर 400 करोड़ रुपए से ज्यादा का बताया जाता है।यहां के कारीगर हाथ की नक्काशी से सुंदर आकर्षक हैंडीक्राफ्ट बनाते हैं, जो विदेशों में अपनी पहचान रखते हैं और यहां से विदेशों तक सप्लाई किए जाते हैं।इस सीट पर मुख्य रूप से दलित और मुस्लिम निर्णायक हैं। यह सीट सुरक्षित सीट है लेकिन इस सीट पर मुसलमानों की संख्या सबसे ज्यादा है। साढ़े 7 लाख वोटर मुसलमान हैं। दलित वोटर की संख्या लगभग 4.5 लाख के आसपास है।2009 में यह सीट अस्तित्व में आई और इस पर पहली बार लोकसभा चुनाव हुआ। समाजवादी पार्टी के यशवीर सिंह पहली बार विजयी हुए थे। 2014 के चुनाव में बीजेपी के सांसद यशवंत सिंह ने सपा प्रत्याशी को हराकर इस सीट पर अपना कब्जा जमाया था जबकि 2019 के चुनाव में सपा और बसपा के गठबंधन के चलते बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी गिरीश चंद्र इस सीट पर विजयी रहे, जो वर्तमान में इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।कैराना का इलाका हिन्दू और मुसलमान गुर्जर बहुल माना जाता है।कैराना से सपा ने इकरा हसन को अपना उम्मीदवार बनाया तो बीजेपी ने प्रदीप चौधरी को। ये दोनों गुर्जर हैं लेकिन अब यहां की सियासत में बिरादरी से बड़ा धर्म का झोल है।कैराना लोकसभा में पांच विधानसभा हैं जिसमें कैराना, शामली,नकुड़ थानाभवन और गंगोह विधानसभा सीट हैं। कैराना लोकसभा में सबसे ज्यादा मुस्लिम मतदाता हैं जिनकी संख्या करीब 5.45 लाख के आसपास है।उसके बाद दलित वर्ग के करीब ढाई लाख वोटर हैं।कैराना में ढाई लाख के आसपास जाट वोटर हैं। 2019 में लोकसभा यहां भाजपा कैंडिडेट ने करीब 75000 से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। दूसरी ओर सहारनपुर में समाजवादी पार्टी ने इस बार यहां से इमरान मसूद को तो बीजेपी ने राघव लखनपाल को मैदान में उतारा है। सहारनपुर लोकसभा सीट का सफर बहुत दिलचस्प रहा है।यह सीट कई मायनों में राजनीतिक दलों के लिए अहम मानी जाती है। सहारनपुर सीट पर सबसे पहला लोकसभा चुनाव 1952 में हुआ था और तभी से यह सीट कांग्रेस का गढ़ बन गई।1952 से लेकर 1977 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा था।1977 में इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव से लेकर 1996 तक इस सीट पर जनता दल या जनता पार्टी का कब्जा रहा।दो बार की हार के बाद 1984 के चुनाव में कांग्रेस ने फिर बाजी मारी थी।1996 के बाद सहारनपुर सीट दो बार बीजेपी, दो बार बहुजन समाज पार्टी, एक बार समाजवादी पार्टी और फिर 2014 में मोदी लहर के चलते 16 साल बाद यह सीट भारतीय जनता पार्टी के खाते में गई थी। बीजेपी 1998 में इस सीट से चुनाव जीती थी लेकिन 2019 के चुनाव में इस सीट पर एक बार फिर बसपा ने कब्जा कर लिया। 2019 में सहारनपुर लोकसभा सीट से महागठबंधन से प्रत्याशी बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने 514139 वोट पाकर जीत दर्ज की।इउन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राघव लखनपाल को 22417 वोटों से हराकर सांसद बने। इस लोकसभा सीट पर दलित और मुस्लिम वोट निर्णायक रहते हैं, जो इसे राजनीतिक दलों के लिए अहम बनाता है। मुरादाबाद में आजम खान की जिद ने अखिलेश को मुरादाबाद में अपना प्रत्याशी बदलने पर मजबूर कर दिया है। सपा एसटी हसन की जगह अब रुचि वीरा को अपना उम्मीदवार बनाने जा रही है, जबकि बीजेपी ने फिर से कुंवर सर्वेश सिंह पर अपना दांव लगाया है।मुरादाबाद उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण लोकसभा सीट है।मुरादाबाद, पीतल हस्तशिल्प उद्योग के कारण पीतल-नगरी के नाम सेमशहूर है। यहां के पीतल के सामान का निर्यात कई देशों में होता है, जिसके चलते मुरादाबाद इंपोर्ट एक्सपोर्ट हब भी है।मुरादाबाद लोकसभा सीट में 5 विधानसभा आती हैं। डॉ एसटी हसन समाजवादी पार्टी से मुरादाबाद लोकसभा के सांसद हैं मुरादाबाद का इतिहास रहा है कि यहां हर लोकसभा चुनावों में अलग पार्टी का सांसद बनता है। 2019 में सपा सांसद, 2014 में भाजपा से सांसद कुंवर सर्वेश सिंह, 2009 में कांग्रेस से क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन सांसद रह चुके हैं। वहीं मुजफ्फरनगर से बीजेपी अपने जाट चेहरे संजीव बालियान को तीसरी बार मैदान में उतारा है। सपा ने कांग्रेस से आए जाट नेता चौधरी हरेंद्र सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट 2013 दंगे के बाद से उत्तर प्रदेश की मुख्य सीटों में गिनी जाती है क्योंकि 2013 दंगे के बाद 2014 में जो लोकसभा के चुनाव हुए थे उसमें बीजेपी ने सभी पार्टियों का एक तरफ सूपड़ा साफ कर दिया था। 2014 के इस चुनाव में मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर भाजपा ने संजीव बालियान को अपना प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा था।बीजेपी की आंधी में संजीव बालियान को इस चुनाव में 653391 वोट मिले थे जबकि दूसरे नंबर पर रहे बसपा के प्रत्याशी कादिर राणा 252241 वोट ही मिल पाए थे। भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर संजीव बालियान ने बसपा प्रत्याशी कादिर राणा को 401150 रिकॉर्ड मतों से मात दी थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने एक बार फिर से संजीव बालियान पर अपना दांव लगाया था। संजीव बालियान के सामने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अजीत सिंह थे। इस चुनाव में भी संजीव बालियान ने जीत हासिल करते हुए अजीत सिंह को 6526 वोट से हराकर यह चुनाव जीता था।इस चुनाव में संजीव बालियान को 573780 वोट मिले थे जबकि अजीत सिंह को 567254 वोट मिल पाए थे।मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर 2019 चुनाव के अनुमानित आंकड़ों के मुताबिक 17 लाख के आसपास मतदाता हैं। जिसमें 5 लाख मुस्लिम, 2 लाख दलित, 1.5 लाख जाट, 1.3 लाख कश्यप, 1.2 लाख सैनी, 1.15 लाख वैश्य और लगभग 4.8 लाख ठाकुर हैं।इस सीट पर गुर्जर, त्यागी, ब्राह्मण, पाल, प्रजापत, सुनार और अन्य बिरादरी भी वोटर हैं। रामपुर ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान सितंबर 1774 में रामपुर रियासत का उदय हुआम 1949 तक 10 नवाबों में शासन किया है. देश की आजादी के बाद 1952 में हुए आम चुनाव में देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद यहीं से चुनकर संसद तक पहुंचे थे। नवाब खानदान के अलावा भाजपा के मुस्लिम चेहरे मुख्तार अब्बास नकवी, अभिनेत्री जयाप्रदा और सपा के फायर ब्रांड नेता आजम खान जीत हासिल कर चुके हैं। 1952 से 2019 तक के चुनाव में यहां पर काफी उलटफेर देखने को मिले हैं। 10 बार कांग्रेस, चार बार भाजपा, तीन बार सपा और एक बार भारतीय लोकदल से निर्वाचित सांसद लोकतंत्र के मंदिर यानि संसद में रामपुर का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मुस्लिम बाहुल्य इस सीट पर धर्म और जाति कोई मायने नहीं रखती है। यहां के मतदाता दूसरे धर्म या जाति वाले प्रत्याशी को चुनने में किसी तरह का कोई गुरेज नहीं करते हैं।रामपुर लोकसभा की राजनीतिक पृष्ठभूमि के एतबार से इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े दल के रूप में कांग्रेस की फेहरिस्त में यहां की सीट भी है जबकि सपा भी यहां पर मजबूत दावा पेश कर सकती है। दूसरी ओर भाजपा के दिग्गजों ने भी विरोधियों को कई मौके पर चुनावी रण में धूल चटाई है।



पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र की आबादी 25 लाख के आसपास हैं और वोटर 18 लाख से ज्यादा हैं। जातिगत आंकड़ों के मुताबिक करीब 5 लाख मुस्लिम हैं, किसान 3 से 4 लाख के बीच और कुर्मी वोट लगभग 2 लाख हैं। वरुण गांधी को लेकर तरह-तरह के कयास लगने लगे हैं। ऐसे में यह सीट सबसे चर्चित सीटों में एक हो गई। वरुण गांधी ने पिछली बार करीब ढाई लाख वोटों से ये सीट जीती थी। अब जितिन प्रसाद जीत के इस लीड को बढ़ा पाते हैं या बीजेपी यह सीट गंवा देती है इस पर सबकी नजर होगी।

देश-विदेश डायरी

जयशंकर ने मलेशियाई विदेश मंत्री से मुलाकात की, बहुआयामी द्विपक्षीय सम्बन्धों पर चर्चा की

कुआलालंपुर, एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को यहां अपने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन के साथ भारत और मलेशिया के बीच 'बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों तथा क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर 'उपयोगी और स्पष्ट चर्चा की। जयशंकर सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया के अपने तीन राष्ट्रों के दौरे के अंतिम और तृतीय चरण में कुआलालंपुर में हैं। मलेशिया के विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि जयशंकर ने यहां मलेशिया के विदेश मंत्री हसन से मुलाकात की और उनके बीच 'उपयोगी तथा स्पष्टश् चर्चा हुई, जिसमें मलेशिया-भारत द्विपक्षीय मामलों के बहुमुखी आयामों के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान शामिल था। दोनों मंत्रियों ने उच्च स्तरीय यात्राओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य तिथि पर मलेशिया और भारत की 7वें संयुक्त आयोग की बैठक बुलाने पर भी चर्चा की। बयान के अनुसार, हसन ने दिसंबर 2023 में पदभार संभाला था और तब से जयशंकर और उनकी यह पहली मुलाकात है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर आज प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात करेंगे और डिजिटल मंत्री गोबिंद सिंह देव से भी मुलाकात कर सकते हैं। बयान के अनुसार जयशंकर की यात्रा का उद्देश्य भारत और मलेशिया के बीच सहयोग बढ़ाना तथा साझा चुनौतियों एवं अवसरों की समझ का विस्तार करना है।

ब्रिटेन पीएम ऋषि सुनक को झटका, दो मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को आम चुनाव से पहले बड़ा झटका लगा है। खबरों के मुताबिक, सुनक कैबिनेट के दो मंत्रियों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंजर्वेटिव पार्टी के एक पूर्व सदस्य ने कहा कि मानक निगरानी संस्था द्वारा संसद के नियमों का बेहद गंभीर उल्लंघन करने के लिए 35 दिनों के निलंबन की सिफारिश के बाद वह एक विधायक के रूप में इस्तीफा दे देंगे।

अमेरिका में लम्बे समय से होती रही हैं बाल्टीमोर जैसी घटनाएं, पुल ढहना नहीं है नई बात

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के बाल्टीमोर शहर में मंगलवार 26 मार्च को दिल दहला देने वाली घटना देखी गई। बाल्टीमोर शहर के बुनियादी ढांचे के तौर पर प्रतिष्ठित फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज पटप्सको नदी में गिर गया, जिससे भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। ये विनाशकारी घटना उस समय हुई जब एक कंटेनर जहाज पुल के नीचे से गुजरने के दौरान पुल से ही टकरा गया। पुल से टकराते ही पुल भरभरा कर नीचे गिर गया। पूर्वी समय के अनुसार घटना 1.30 बजे हुई, जब पुल टक्कर के बाद नदी के ठंडे पानी में समा गया। इस विनाशकारी एक्सीडेंट में, पुल पर चल रहे वाहनों और निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। कई लोग पानी के बहाव में बह गए। निर्माण दल के कम से कम आठ लोग, जो पुल पर गड्ढे ठीक कर रहे थे, 185 मीटर गहरी नदी में गिर गए। जहां सभी लोग पानी में गिरे हैं अनुमान है कि वहां पानी का तापमान लगभग 47 डिग्री फ़ारेनहाइट (8 डिग्री सेल्सियस) हो सकता है। ने का अनुमान लगाया गया था - इसकी ऊपरी सीमा पानी में गिरने पर भी इंसान जीवित रह सकता है। घटना के बाद से अब तक केवल दो व्यक्तियों को पानी से बाहर निकाला जा सका है। उनमें से एक को कोई चोट नहीं आई, लेकिन दूसरे को गंभीर चोटें आई और उसे अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने मंगलवार रात को रेस्क्यू ऑपरेशन को बंद कर दिया। वहीं लापता हुए छह श्रमिकों को मृत मान लिया गया है। इस घटना के बाद मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर ने मंगलवार तड़के आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। जहाज प्रबंधन कंपनी के अनुसार, बाल्टीमोर पुल से टकराने वाले कंटेनर जहाज पर चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय थे और वे सभी सुरक्षित है। बता दें कि ये कोई पहला मौका नहीं है जब अमेरिका में इस तरह की घटना घटी है। इससे पहले भी कई ऐसे मामले अमेरिका में सामने आए है। वर्ल्ड एसोसिएशन फॉर वॉटरबोर्न ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर की 2018 की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 1960 से 2015 तक, जहाज या बजरों की टक्कर के कारण दुनिया भर में 35 बड़े पुल ढह गए, जिनमें कुल 342 लोगों की मौत हुई थी। इनमें से अठारह घटनाएं संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई थी। मिसिसिपी के बिलोक्सी में आठ बजरों को धकेलने वाला एक जहाज पोप के फेरी ब्रिज से टकरा गया। ये टक्कर इतनी भयंकर थी कि परिणामस्वरूप पुल का 150 फुट का हिस्सा खाड़ी में गिर गया। ओक्लाहोमा के वेबर्स फॉल्स में अर्कांसस नदी पर बने अंतरराज्यीय 40 पुल पर एक बजरा टकरा गया। इस टक्कर के बाद सड़क का 500 फुट का हिस्सा टूट गया और वाहन पानी में गिर गए।

बीजेपी के 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी

योगी समेत तीन अन्य राज्यों के सीएम भी शामिल

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। बीजेपी ने यूपी के लिए लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा तीन अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी टीम में होंगे। एमपी से मोहन यादव, उत्तराखंड से पुष्कर सिंह धामी और राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा के नाम भी लिस्ट में है।

यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के साथ पार्टी संगठनपदाधिकारी और यूपी सरकार के कई मिनिस्टर स्टार प्रचारकों के नाम भी सूची में है।बीजेपी ने 40 स्टार प्रचारों की लिस्ट निर्वाचन आयोग को सौंपी थी जिसे मंजूरी मिल गई है। इस लिस्ट में नरेंद्र मोदी का नाम सबसे ऊपर है। इसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तीसरे नंबर पर राजनाथ सिंह चौथे नंबर पर अमित शाह और पांचवें नंबर सीएम योगी आदित्यनाथ का नाम है।

स्टार प्रचारकों की लिस्ट में यूपी के दोनों डिप्टी सीएम और तीन राज्यों के सीएम के नाम भी शामिल है। इसके अलावा पीयूष गोयल, स्मृति ईरानी, बेबी रानी मौर्य, भूपेंद्र चौधरी,जयवीर सिंह और स्वतंत्र देव सिंह समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता यूपी में स्टार प्रचार होंगे।

एनआरआई कर सकते हैं मतदान

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। तारीखों की घोषणा हो चुकी है, नामांकन शुरू है। मतदाताओं को पाले में लाने के लिए पार्टियां जीतोड़ कोशिश में है। भारत में सात चरणों में वोटिंग होनी है।

विदेशों में रहने वाले भारतीय यानि एनआरआई लोकसभा चुनाव में वोट कर पाएंगे या नही,यह बड़ा सवाल है? एनआरआई भी हमारे भाई हैं तो वोट उनका भी मायने रखता है। एनआरआई के लिए वोटिंग का अधिकार है तो फिर उसकी क्या प्रक्रिया है। 2010 तक नॉन रेजिडेंट इंडियन यानि कि एनआरआई को चुनाव में वोट देने की इजाजत नहीं थी। 2010 के बाद एक संशोधन ने एनआरआई को भारत में अपने विशेष निर्वाचन क्षेत्र में मतदान करने की अनुमति दी।लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20ए के

● 2010 तक नॉन रेजिडेंट इंडियन को नहीं थी चुनाव में वोट की इजाजत

तहत एक भारतीय नागरिक जिसने किसी विदेशी देश की नागरिकता हासिल नहीं की है और रोजगार, शिक्षा आदि के कारण विदेश में रह रहा है, वह निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में नामांकित होने का हकदार है। पासपोर्ट में जो पता दर्ज होगा, वहां वो मतदान करने का अधिकारी होगा। एनआरआई को इस प्रावधान के तहत नामांकन के लिए फॉर्म 6ए में आवेदन करना होगा। एनआरआई भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट ू मबप.हवअ.पद पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। फॉर्म भरने से पहले, एनआरआई को इंटरैक्टिव मानचित्र के माध्यम से अपने संबंधित मतदान केंद्र की पहचान करनी होगी। वे क्षेत्र के चुनाव अधिकारी का विवरण प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में दिशा निर्देश और विवरण ईसीआई की वेबसाइट के होम पेज पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न शीर्षक के तहत देखे जा सकते हैं। मौजूदा कानून में विदेशी मतदाताओं के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। एनआरआई के लिए विदेशों में वोटिंग का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे भारतीय नागरिक केवल उस इलाके के मतदाताओं के लिए प्रदान किए गए मतदान केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से मतदान कर सकते हैं जिसके अंतर्गत पासपोर्ट में पता आता है। उन्हें मतदान के दिन देश में मौजूद रहना होगा। विदेशों में रहकर एनआरआई भारतीय चुनाव में वोटिंग नहीं कर सकते हैं।

एनआरआई वह व्यक्ति होता है जो भारतीय नागरिक है लेकिन पेशेवर या व्यक्तिगत कारणों से पिछले वित्तीय वर्ष के आधे से अधिक समय से भारत से बाहर रह रहा है। एनआरआई वो होता है जो एक किसी दूसरे देश में भारतीय नागरिक के तौर पर रहता है।

युवती से दुष्कर्म

लखनऊ, चसं। पारा थाना अंतर्गत एक युवती को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी युवती को उसकी आपत्तिजनक फोटोग्राफवायरल की धमकी देने लगा। इसके बाद युवती ने एसीपी काकोरी से मदद की गुहार लगाई। जिनके निर्देश पर पारा पुलिस ने आरोपी पर दुष्कर्म की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पारा प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती (25) की वर्ष 2021 में फेसबुक के माध्यम से उड़ीसा सम्बलपुर निवासी अभिषेक साहू से दोस्ती हुई थी। आरोप है कि कुछ माह पूर्व अभिषेक युवती के घर आया और शादी का दावा कर 18 हजार रुपये ऐंठ कर चला गया। जिसके बाद अभिषेक ने युवती को अपने परिवारिक सदस्यों मिलवाने का झांसा देकर उड़ीसा बुलाया। जब युवती आरोपी से मिलने पहुंची तो वह उसे रायपुर के मैसूर होटल में ले गया।

आवश्यकता

आवश्यकता है ऐसे डी.टी.पी. ऑपरेटर की, जो समाचार पत्र, पत्रिका के पेज बनाने, फोटोशॉप में काम करने तथा कम्प्यूटर में पारंगत हो, वेतन-योग्यतानुसार।

सम्पर्क करें :- 9335322739, 8881992262

उमा इन्फ्राटेक

लखनऊ में कामर्शियल/रेजीडेन्शियल भवन, भूखण्ड, फ्री होल्ड प्लॉट, एग्रीकल्चर जमीन खरीदने एवं बेचने के लिए सम्पर्क करें।

ऑफिस पता-डी-206-सी, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

मो.-8604000050, 9415007197